

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 28 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -7 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-356 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 मार्च 2023 ₹ 1.00

## संक्षेप

### सड़क हादसे में छात्र की मौत

*भिलाई,28 मार्च। भिलाई तीन थाना क्षेत्र सुबह बड़ा हादसा हो गया। पिता को एम्स हॉस्पिटल ले जा रहे इंजीनियरिंग के छात्र की हादसे में मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया वहीं हादसे के बाद फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है भिलाई तीन ने बताया कि सुबह लगभग 7 बजे की है। इंजीनियरिंग का छात्र अनुज पोद्दार मंगलवार की सुबह 7 बजे अपने पिता रविंद्र पोद्दार के साथ बाइक क्रमांक CG 07 BT 6478 से रायपुर एम्स जा रहा था। बाइक को अनुज का पिता रविन्द्र पोद्दार चला रहा था। डबरा पारा चौक के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास इनकी बाइक स्लिप खाकर गिर गई। पिता पुत्र अलग अलग ओर गिर गए इस दौरान अनुज सड़क की ओर गिट गया और उसी समय पीछे से आ रही हाइवा ने उसे कुचल दिया सिर पर हाइवा का पहिया चढ़ गया था जिससे उसकी मौत हो गई। पिता के सामने ही बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद से मृतक छात्र के घरवाले भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि अनुज पोद्दार की इंजीनियरिंग के दौरान ही जॉब प्लेसमेंट हो गई थी और कोर्स पूरा करने के बाद हैदराबाद की कंपनी में जॉब के लिए जाने वाला था इससे पहले ही हादसे में उसकी जान चली गई।*

### आदिवासी युवती से मारपीट का आरोपी निरीक्षक गिरफ्तार

*रायपुर,28 मार्च। राजधानी में आदिवासी युवती से मारपीट करने वाले निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ इस मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है. आदिवासी युवती से मारपीट मामले में निरीक्षक राकेश चौबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. राकेश चौबे को पुलिस कोर्ट में पेश करेगी. दो दिन पहले मामले को लेकर आदिवासी बेटी विशेष थाना पहुंची थी. विशेष थाने में राकेश चौबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है. निरीक्षक के खिलाफ धारा 294, 596, 323, 509, 451, 354एआईपीसी और 3(2)(1ए) एससी एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.*

### पिकअप-ट्रैक्टर में टक्कर, 2 की मौत

*महासमुंद,28 मार्च। जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार भिडंत हो गयी,इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना बीती रात नरतोरा पड़ाव के पास की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक जिस पिकअप में 25 लोग सवार थे जिसमें 2 की मौके मौत हो गयी जबकि 20 घायल हो गये। वहीं घायलों में 5 से 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पटेवा पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी को अस्पताल भेजवाया और मामले की जांच शुरु कर दी है।*

## कोयला घोटाले में ईडी का फिर छापा

**रायपुर,28 मार्च**

राजधानी समेत कई शहरों में एक बार फिर ईडी ने छापेमारी की है। ईडी ने बड़े उद्योग समूह के मालिक समेत कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के बड़े उद्योग समूह के ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की है।ईडी की यह कार्रवाई कोयला परिवहन घोटाले में चल रही जांच से जुड़ी बताई जा रही है। खबर है कि ईडी की यह कार्रवाई रायपुर, भिलाई में चल रही है। बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा में भी टीम के मूवमेंट के संकेत हैं। महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के यहां भी दबिश की खबर है लेकिन विधायक ने इससे इंकार किया है। बताया जाता है कि ईडी ने राज्य के कुछ अधिकारियों के ठिकानों पर भी छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि रायपुर में मंदिर हसौद के पास ग्राम बहनाकाड़ी के जमीन दलाल सुरेश बांदे और वीआईपी करिश्मा अपार्टमेंट में एक सीए के यहां भी ईडी ने दबिश दी है। इन सभी जगहों पर दबिश देकर ईडी के अधिकारी जरूरी दस्तावेज खंगाल रहे हैं। इसके अलावा रायगढ़ जिले में भी ईडी के अधिकारियों के द्वारा उद्योग पति योगेश सिंघल तथा जमीन कारोबारी आलोक रतेरिया के यहां अघोषित आय से संबंधित दस्तावेज की छानबीन कर रही है। फिलहाल इसकी जानकारी अपुष्ट है, लेकिन घर के बाहर काफी गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। गार्ड व अन्य कर्मचारी कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से तीन दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सात कांग्रेस नेताओं के घर पर छापा मारा था। ईडी की टीम रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार में सीआरपीएफ जवानों के साथ सुबह पांच बजे कांग्रेस नेताओं के घर पहुंची। कोयला परिवहन घोटाले के मास्टर माइंड सूर्यकांत तिवारी और मुख्यमंत्री सचिवालय की उप सचिव सौम्या चौरसिया के घर से मिली डायरी के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी।

## लगता है भाजपा शासित राज्यों में नहीं है ईडी का ऑफिस : बघेल

**रायपुर,28 मार्च**

छत्तीसगढ़ में पड़े ईडी के छापे पर सीएम बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. सीएम बघेल ने कहा, आज छत्तीसगढ़ में फिर ईडी के छापे पड़े हैं. उद्योगपति, व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, विधायक, अधिकारी, किसान कोई ऐसा वर्ग बचा नहीं है जहां छापा ना डाला हो. छापा नहीं डलता तो केवल मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक में लगता है वहां ईडी का ऑफिस ही नहीं है.



सीएम बघेल ने कहा, महाराष्ट्र में जब तक उद्धव ठाकरे तक की सरकार थी तब तक ईडी, सीबीआई, सेंट्रल एजेंसी सब सक्रिय थी. जैसे ही सरकार बदली खरीद-फरोख्त हुआ, उसके बाद से उसका कोई काम नहीं रहा है. भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के नेता और राष्ट्र नेताओं द्वारा सब किया जा रहा है. ईडी निष्पक्ष होना चाहिए. कर्नाटक में जहां 6 करोड़ एक विधायक के यहां मिला उसको बेल मिल गया. आज पता चला हाईकोर्ट ने उस बेल को खारिज कर दिया. वहां छापा नहीं डालते यह स्थिति देश की है.

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडानी जिसका 60% संपत्ति की कमी आ गई. वहां ईडी का छापा नहीं पड़ता, सीबीआई कार्रवाई नहीं करती. लाखों करोड़ों रुपया फंसा है. यहां नान में चिटफंड कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते, मैंने सुना है महादेव ऐप में भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के नेताओं के भी नाम आ गए हैं. इस कारण से महादेव ऐप के बारे में बीजेपी के लोग चर्चा नहीं करते. ईडी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. सीएम बघेल ने कहा, अमित शाह के शब्दों में यह क्रोनोलॉजी समझिए, जैसे ही राहुल जी लोकसभा में बोले, यहां रायपुर के अधिवेशन में उन्होंने कहा उसके बाद लोकसभा पूरी तरह बाधित हो गई. सत्ता पक्ष द्वारा चलने नहीं दिया गया. माफी मांगने के नाम से, उसके बाद गुजरात के कोर्ट में कर्नाटक के मामले में जो केस लगाया था मानहानि का उसकी गुजरात में शिकायत की गई. शिकायतकर्ता अपनी ही केस में हाईकोर्ट में स्टे ले लिया. 2019 का मामला है. 7 फरवरी को जैसे ही राहुल जी ने यह बात कही 16 फरवरी को हाईकोर्ट में स्टे लगा. 16 मार्च तक सब सुनवाई हो गई. 23 मार्च को फैसला आ गया. 24 मार्च को सदस्यता रद्द कर दी गई. यह इसी प्रकार की क्रोनोलॉजी है.

अडानी को हटाने के खिलाफ जांच की मांग करें तो बीजेपी के लोग हमारे खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, तो क्या अडाणी भाजपा में है? जब हिंडनबर्ग कि रिपोर्ट आई तो अडानी ने खुद ही कहा था कि, यह भारत पर हमला है इसका मतलब क्या समझा जाए?

## दो युवकों की जान लेने वाले घायल बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा

**सूरजपुर,28 मार्च।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कालामांजन से घायल बाघ का सफल रेस्क्यू कर लिया गया है। घायल बाघ को कुछ मिनटों पहले ही रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। बाघ को अब पिंजरे में शिफ्ट कर उसे ट्रक से ले जाने की तैयारी की जा रही है। घायल बाघ को रेस्क्यू करने के लिए कुमकी हांथी और जेसीबी मशीन की मदद ली गई और इन्हीं का उपयोग कर घायल बाग का रेस्क्यू कर लिया गया है। पहले बाघ को ट्रेंकुलाइज किया जिससे बाघ बेहोश हुआ फिर उसे उस जगह से निकाल लिया गया जहां से कल तक घायल बाघ का तस्वीर भी लेना मुश्किल था। बाघ का रेस्क्यू किस तरह से किया गया और करने के बाद उसे कितने सुरक्षित तरीके से पिंजरे में रख कर ले जाया जा रहा है। बाघ का रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली है। वहीं जिस क्षेत्र में यह घायल बाघ घुसकर बैठा था। इन सभी क्षेत्र वासियों ने भी राहत की सांस ली है। फिलहाल वन विभाग की टीम ने घायल बाग का रेस्क्यू कर लिया है। वहीं वन विभाग के लिए भी यह बड़ी सफलता मानी जा सकती है, क्योंकि इससे पहले यह पता नहीं था कि बाघ किस हालत में है और कितना चोटिल है अब चिकित्सकों की टीम की निगरानी में है। बाघ को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है।सोमवार की सुबह इसी बाघ ने काला मंजन के एक ही परिवार के तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया था। जिससे 2 लोगों की मौत हो गई,जबकि एक घायल हो गया । घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।



फिलहाल वन विभाग की टीम ने घायल बाग का रेस्क्यू कर लिया है। वहीं वन विभाग के लिए भी यह बड़ी सफलता मानी जा सकती है, क्योंकि इससे पहले यह पता नहीं था कि बाघ किस हालत में है और कितना चोटिल है अब चिकित्सकों की टीम की निगरानी में है। बाघ को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। सीसीएफ नावेद सुजाऊद्दिन ने बताया कि, बाघ के सिर में चोट है, जिसे एक्सपर्ट डॉक्टरों की मदद से एनटीसीए के गाइड लाइन के अनुसार, ट्रंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया है। बाघ घायल है गुर्रा रहा है उसका प्राथमिकी उपचार किया जा रहा है। वहीं बाघ की बेहतर इलाज के लिए किसी जू में शिफ्ट किया जाएगा ।

## आदेश का पालन करूंगा : राहुल

**नई दिल्ली,28 मार्च।** राहुल गांधी ने सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करने के लिए मिले नोटिस का जवाब लोकसभा सचिव डॉ. मोहित रंजन को दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं आपकी ओर से दिए गए आदेश का पालन करूंगा।

**बंगला खाली करने के नोटिस पर राहुल गांधी का लोकसभा सचिव को पत्र**



राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा, 12 तुगलक लेन स्थित मेरे घर के आवंटन को रद्द किए जाने के संबंध में आपके पत्र के लिए धन्यवाद। लोकसभा के निर्वाचित सदस्य के तौर पर मैं 4 बार चुना गया और यहां रहा था। यहां से मेरी अच्छी यादें भी जुड़ी रही हैं। इसके आगे राहुल गांधी ने लिखा कि बिना किसी पूर्वाग्रह के मैं आपके आदेश को मानूंगा और बंगले को खाली कर दूंगा। राहुल गांधी को सोमवार को ही लोकसभा सचिवालय की ओर से बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। सचिवालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया था कि राहुल गांधी अब सांसद नहीं रहे हैं। ऐसे में लोकसभा सदस्य के तौर पर उन्हें आवंटित 12 तुगलक लेन स्थित बंगला छोड़ना होगा। इसके लिए राहुल गांधी को 23 अप्रैल तक का वक्त दिया गया था। इसी नोटिस के जवाब में राहुल गांधी ने लेटर लिखा है। राहुल गांधी ने कहा कि 4 बार लोकसभा के निर्वाचित सांसद के तौर पर यह आवास आवंटित हुआ था और इससे मेरी अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। अमेठी सीट से 2004 में जीत के बाद राहुल गांधी सांसद बने थे और 2005 से ही वह इस बंगले में रह रहे थे। लेकिन मोदी सरनेम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर मानहानि केस में अदालत ने बीते सप्ताह उन्हें दो साल कैद की सजा सुना दी थी। इसके चलते उनकी संसद सदस्यता समाप्त हो गई थी। इसके बाद उन्हें लोकसभा सचिवालय ने घर खाली करने का नोटिस भी दिया था। हालांकि कांग्रेस ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी प्राप्त है, ऐसे में वह आवास के हकदार हैं।

## उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद को उम्र कैद

**लखनऊ,28 मार्च**

उमेश पाल अपहरण मामले में प्रयागराज कोर्ट ने अतीक अहमद और उसके दो अन्य साथियों को दोषी करार दिया था। अब अतीक अहमद के खिलाफ कोर्ट ने सजा सुना दी है। अतीक अहमद को उमेश पाल अपहरण मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा हनीफ खान और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा हुई है। इस मामले में 3 लोगों को दोषी करार दिया गया था जबकि 7 को सबूतों के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया था। अतीक अहमद के खिलाफ यह पहला मामला है जिसमें उसे सजा दी गई है। हालांकि अतीक अहमद के खिलाफ 100 से ज्यादा मुकदमे दायर है।



इससे पहले पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले के प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल के अपहरण के करीब 17 साल पुराने मामले में माफिया-राजनेता एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत तीन आरोपियों को मंगलवार को दोषी करार दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि प्रयागराज की सांसद विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत के न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने वर्ष 2006 में हुए उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद, उसके वकील सौलत हनीफ और साथी दिनेश पासी समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 364-ए के तहत दोषी माना गया है। माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को उमेश पाल के अपहरण के मामले में प्रयागराज की एमपी-एमएलए अदालत में दोपहर करीब 12 बजे पेश किया गया था। अहमद को गुजरात की साबरमती जेल और अशरफ को बरेली जेल से सोमवार को प्रयागराज की नैनी केन्द्रीय कारागार में लाया गया था। तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य उमेश पाल 25 जनवरी, 2005 को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में चश्मदीद गवाह था। राजू पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद आरोपी है। उमेश ने आरोप लगाया था कि जब उसने अहमद के दबाव में पीछे हटने और झुकने से इनकार कर दिया तो 28 फरवरी, 2006 को उसका अपहरण कर लिया गया था।

## तकनीक सीखो या एक्सपर्ट रख लो

### पीएम नरेंद्र मोदी की भाजपा सांसदों को सलाह

**नई दिल्ली,28 मार्च।** सामाजिक मुद्दों पर फोकस करें और अपने इलाकों में लोगों के बीच पहुंच बनाएं। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए सांसदों को यह नसीहत दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि आप लोग सामाजिक मुद्दों पर काम करेंगे तो पार्टी को इसका फायदा होगा। उन्होंने इस दौरान गुजरात में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस योजना को बढ़ावा देने और लोगों को जागरूक करने से राज्य में लैंगिक अनुपात में सुधार आया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने सांसदों से तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन्हें समझ नहीं है, वे एक्सपर्ट भी रख सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों की एकजुटता और अडानी मसले पर विरोध पर कुछ भी सीधे तौर पर नहीं कहा। लेकिन यह जरूर कह गए कि पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव में विपक्षी दलों को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह मना रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से इस इवेंट को सफल बनाने की अपील की। भाजपा के एक नेता ने बताया, पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग 6-14 अप्रैल के दौरान सामाजिक न्याय सप्ताह पर फोकस करें। इसके अलावा पीएम मोदी ने मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर भी सांसदों से जनता के बीच जाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग जनता के बीच जाकर लोगों को बताएं कि बीते 9 सालों में सरकार ने क्या काम किए हैं और किन योजनाओं से जनता को फायदा पहुंचा है। भाजपा की ओर से इन दिनों ओबीसी वोट बैंक पर खास फोकस किया जा रहा है। यही वजह है कि पार्टी ने ओबीसी मोर्चा को जिम्मा दिया है, जो योजनाओं का प्रचार करेगा और पिछड़ा वर्ग के लोगों को बताएगा कि उन्हें क्या फायदे हुए हैं।भाजपा की रणनीति को इस बात से भी समझा जा सकता है कि मोदी सरनेम के जिस मामले में राहुल गांधी को सजा हुई है, उसे भी ओबीसी के अपमान से जोड़कर पेश करने की तैयारी है। भाजपा लगातार कह रही है कि मोदी सरनेम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके राहुल गांधी ने ओबीसी समाज का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने सांसदों से तकनीक का इस्तेमाल करने को भी कहा। पीएम ने कहा कि जिन सांसदों को तकनीक के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, उन्हें किसी एक्सपर्ट की मदद लेनी चाहिए। बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान यह ऐसी पहली मीटिंग थी, जिसमें पीएम ने सांसदों को संबोधित किया।



### मुक्केबाजी : इंटरनेशनल बाक्सिंग एसोसिएशन के अंतर्गत 13वीं विश्व महिला स्पर्धा सम्पन्न

## देश का नाम रौशन करने,ऐसे खेलों पर लगाए दांव

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

खेलों की दुनिया में कुछ खेल साधारण कुछ असाधारण होते हैं। ऐसा हम चोट लगने/घायल होने के आधार पर कह सकते हैं। ऐसे खेल जिसमें प्रतिभागियों के आपस में सीधे तौर पर संपर्क नहीं होता वे साधारण खेल हैं जबकि जहां एकल या टीम स्पर्धा में खिलाड़ियों की सीधी भिड़ंत होती है हम असाधारण की श्रेणी में रख जा सकता है। असाधारण खेलों को भी दो वर्गों में बांटा जा सकता है एक तो सीधे शरीर से संपर्क दूसरा किसी माध्यम की वजह से शरीर का संपर्क होना है। शरीर से सीधे संपर्क में आने वाले खेलों में मुक्केबाजी, कुश्ती, मार्शल आर्ट्स आदि खेल प्रमुख हैं। सारी बातों का आकलन करने पश्चात यह स्वीकार करना उचित है कि सभी खेलों में सीधे संपर्क में आने वाला मुक्केबाजी का खेल सबसे अधिक साहसी लोगों का खेल है। वैसे यह खेल मानव सभ्यता के साथ ही आगे बढ़ा है। इसमें भी मानव के दो रूप पुरुष व स्त्री में से मुक्केबाजी का खेल पुरुषों के बीच ज्यादा फूला फला। अंतर्राष्ट्रीय विश्व मुक्केबाजी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 1974 में आरंभ हुई लेकिन समय के परिवर्तन के साथ ही मांग के अनुरूप महिलाओं के लिए विश्व स्पर्धा 21वीं सदी के 2001 में आरंभ हुई। एकाग्रता, ऊर्जा, हिम्मत, त्वरित निर्णय का यह खेल भले ही स्त्रियों के लिए चुनौती भरा है लेकिन संसार भर की महिलाओं ने इस खेल को अपनाया और अपना कैरियर बनाया। भारत की एमसी मेरीकाम विश्व में एकमात्र ऐसी महिला हैं जिन्होंने अब तक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक आठ पदक हासिल किया है। हमें यह स्वीकारना होगा कि भारत में मुक्केबाजी को महिलाओं द्वारा अपनाए जाने की वजह एमसी मेरीकाम ही है। इस खेल में प्राप्त उपलब्धि के कारण उन्हें भारत



सरकार ने दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्मश्री से नवाजा, साथ ही अर्जुन पुरस्कार दिया और उनकी इस साहसिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर उन्हें राज्यसभा का मनोनीत सदस्य बनाया। एमसी मेरीकाम ने विपरीत स्थिति में विश्व स्पर्धा में आठ पदक और 2012 के लंदन ओलंपिक में कांस्य जीतकर मुक्केबाजी को जिस स्तर पर पहुंचाया उसके सकारात्मक परिणाम अब आने लगे हैं। नई दिल्ली में 15 मार्च से 26 मार्च 2023 तक सम्पन्न 13वें आईबीए वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। इस प्रतियोगिता में 12 विभिन्न वजन वर्गों में 65 देशों के 324 महिला मुक्केबाजों ने भाग लिया था। इस प्रकार स्पष्ट है कि चार स्वर्ण पदक हासिल करना असाधारण प्रदर्शन है। भारत की ओर से नीतू घंघास, निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन तथा स्वीटी बूरा ने स्वर्ण पदक जीता। इस तरह 13 संस्करणों में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने अब तक 14 स्वर्ण, आठ रजत, 21 कांस्य सहित 43 पदक प्राप्त किया है।

भारत के खेल इतिहास में यह गौरवशाली, ऐतिहासिक क्षण है जब हमारे देश की महिलाएं मुक्केबाजी जैसे खेल में अदम्य साहस का परिचय देते हुए सफलता पाई और आने वाली पीढ़ी को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सफलता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्व में खेल शक्ति बनने के संकल्प को मजबूती मिली है। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण (साई) के द्वारा खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में व्यवस्थित, सुनियोजित प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाने का यह स्पष्ट परिणाम है। मुक्केबाजी एक ओलंपिक खेल है। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में महिला-पुरुष में 8-8 स्वर्ण, रजत 16-16, कांस्य सहित 48 पदक दांव पर लगते हैं। हमें ऐसे खेलों को बढ़ावा देना होगा जिससे हमारे देश का नाम रौशन होगा।

## आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों को हेलीकाप्टर से लाया गया रायपुर

**कांकेर,28 मार्च।** कांकेर जिले में आईईडी ब्लास्ट में घायल बीएसएफ जवानों को सेना हेलीकाप्टर से रायपुर लाया गया. घायल जवान सुशील कुमार और छोटूराम को रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. बता दें कि चिलपरस में आज सुबह सर्चिंग के दौरान ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट में जवानों के चेहरे और पैर पर गंभीर चोटें आई है. आज सुबह कांकेर के चिलपरस में बीएसएफ के जवान एरिया डोमिनेशन में निकले थे. वहीं पास में बने नाले में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखी थी तभी दो जवान आईईडी के चपेट में आने से घायल हो गए. घायल जवानों का नाम सुशील कुमार और छोटूराम बताया जा रहा है. घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए कोयलीबेड़ा अस्पताल से रायपुर एयरलिफ्ट कर लाया गया है.

## शिक्षिका ने मासूम बच्चियों को निर्दयता से पीटा

**कोरबा,28 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्कूल शिक्षिका की क्रूरता सामने आई है. गोढ़ी गांव के प्राथमिक शाला में कक्षा चौथी में अध्यनरत मासूम बच्चियों की मैडम ने बेरहमी से पिटाई कर दी. अब बेरहम मैडम के खिलाफ परिजनों ने थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी है. इस घटना से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है. यह मामला रामपुर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, गोढ़ी गांव के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका अनुपमा मिंज पर बच्चियों की बेरहमी से पिटाई का आरोप लगा है. बताया जा रहगा है कि सोमवार को कक्षा चौथी में पढ़ने वाली दो बच्चियों को शिक्षिका ने होमवर्क न करने या अन्य किसी बात को लेकर क्लास में बेरहमी से पिटाई कर दी. स्कूल से छूटने के बाद घर जाकर बच्चियों ने अपनी आपबीती परिजनों को बताई, परिजनों ने बच्चियों के शरीर में देखा कि मारने के निशान हैं. जिसके बाद दोनों बच्चियों के परिजनों ने इसकी शिकायत रामपुर थाने में दर्ज कराई. जिसपर रामपुर थाना प्रभारी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया. डॉक्टरों की रिपोर्ट पर दोनों बच्चों के शरीर पर मारने के निशान की पुष्टि की गई है.

# सीएम भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की तैयारी में जुटे कांग्रेसजन

## विधायक देवेंद्र यादव भी हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी पूरे प्रदेश भर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम कर रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल भिलाइवासियो से भेंट मुलाकात करने भिलाई आ सकते है। जल्द ही भिलाई में सीएम का भेंट मुलाकात कार्यक्रम को आयोजन होने की संभावना है। इसलिए कड़ी में भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी सीएम के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सेक्टर क्षेत्र कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक 3,4 और 5 के पदाधिकारियों की आज बैठक हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव महापौर नीरज पाल ब्लॉक अध्यक्ष, गौरव साहू, धनेश्वरी साहू, प्रमोद प्रभाकर सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक किए और विभिन्न निर्णय लिया। बैठक को बेहद गरिमामय हो सके और सीएम साहब लोगों से आसानी से बातचीत कर सके।लोगों से सीधी बातचीत कर समस्याओं को सुन सके और समाधान कर सके। इसके लिए पूरी व्यवस्था बनाने से लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने राय भी दिए और सभी ने मिलकर कार्यक्रम की अच्छी से अच्छी तैयारी करने का फैसला किया है। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया है।



### एक नजर

### बाना परघौनी कर पंचमी मनाई



**भिलाई।** मां कल्याणी शीतला मंदिर, मरोदा, रिसाली में चल रहे भव्य वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व में पंचमी पूजा एवं बाना परघौनी पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति कार्यकर्ताओं द्वारा रिसाली गांव से भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई, और मंदिर परिसर में बाना का स्वागत कर स्थापना की गई।संध्या महाआरती पश्चात श्री शिवम महिला भजन मंडली हिंद नगर, रिसाली एवं गोंडवाना साहित्य एवं सांस्कृतिक विंग, रिसाली-मरोदा, द्वारा माता जस गायन की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात इस दिन की प्रमुख सांस्कृतिक प्रस्तुति महतारी के कोरा (देऊरगांव, साजा) ने देर रात तक उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, समाजसेविका एवं धर्मपत्नी सांसद दुर्ग रजनी बघेल, डॉ. घनश्याम निषाद, अध्यक्ष निषाद समाज दुर्ग, लिलेश देशमुख, निज सचिव सांसद दुर्ग एवं पार्षद विधि यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन समिति सचिव शैलेंद्र शेण्डे शैली ने किया। समिति के अध्यक्ष अरुण वर्मा, चोवाराम निषाद, तेजराम।

### महामाया तालाब की सफाई नहीं की जा रही

**उतई, 28 मार्च।** नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 12 महामाया पारा महामाया तालाब जो सफाई से वंचित हो गया है यहां रोज निस्तारी के लिए 400 से 500 आदमी रोज आते जाते हैं यह तालाब गंदगी से अटा पड़ा हुआ है कीड़े मकोड़े पनप रहे हैं इस तालाब के लिए सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है मोहल्ले वाले लोग गंदगी से परेशान हैं पाटन नगर पंचायत स्वच्छ भारत मिशन के तहत अवार्ड पाने वाला नगर पंचायत की यह स्थिति है शासन-प्रशासन से मोहल्ले वालो के गुहार लगाने के बावजूद सफाई के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

### बैठक में किया कार्य विभाजन



**उतई, 28 मार्च।** आगामी विधानसभा चुनाव मद्देनजर यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण थीं ।अत: संगठनात्मक चर्चा हेतु शक्ति केंद्र विस्तारक रोहित साहू की उपस्थिति मे सभी बूथ अध्यक्ष गण एवं शक्ति केंद्र संयोजक छबी लाल साहू , सह संयोजक शीतला ठाकुर सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता गण अपनी उपस्थिति प्रदान किए इसके साथ ही सभी बूथों मे पेज प्रमुख एवं बूथ स्तरीय कार्य विभाजन किया गया ।

### मारपीट,तीन पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 28 मार्च।** भिलाई अम्लेश्वर थाना अंतर्गत ग्राम कोपेडीह में भांजे की बारात में शामिल होने गए मामा के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी राहुल टंडन समेत तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है अम्लेश्वर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण कौशल संतोषी नगर रायपुर का रहने वाला है। बुधवार को भांजे राजा बघेल की बारात ग्राम कोपेडीह में गई थी उसमें शामिल होने चार लोगों को कार में लेकर पहुंचा। रात में खाना खाकर घर लौट रहे थे इसी बीच किराना स्टोर के संचालक राहुल टंडन ने अपने तीन साथियों के साथ कार को जबरदस्ती रुकवा लिया।

### सैनेटाइजर पीने से युवक की मौत

**भिलाई, 28 मार्च।** भिलाई मोहननगर थाना अंतर्गत एक युवक की सैनेटाइजर पाने से मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है मोहननगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर दुर्ग निवासी सचिन राजपूत ( 27 वर्ष ) 25 मार्च को घर में शराब पीने पैसा मांगा। घरवाले पैसे नहीं दिये तो घर में रखा सैनेटाइजर को पी लिया। सोमवार को तबीयत बिगड़ ने पर परिवार वाले अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी थी और ड्राइवरी करता था। पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

## बच्ची की पोल से करंट लगने से मौत,दोषी पर कार्रवाई की मांग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के सदस्यों ने विश्व बैंक कालोनी घटना स्थल पर भिलाई 3 विश्व बैंक कालोनी में 22 मार्च को पोल के खंबे में करेंट के लगने से 16 साल की विनीता शील की जान को लेने मे लिप्त समस्त अधिकारियो को सजा देने की मांग एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस मौके पर अपने सम्बोधन में छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने बताया कि भिलाई चरोदा नगर निगम के वर्तमान वार्ड 7 सेक्टर 1 के पोल नम्बर 6/81 का पोल मे स्ट्रीट लाइट रहने के बावजूद पोल के चारों तरफ कई सालों से बबुल पेड़ का डंगाल घिरा हुआ रहा है और आयदिन बरसात का पानी के गिरने से करंट आने तक की संभावना रहने की जानकारी कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित सीएसईबी तथा निगम प्रशासन का कार्यालय में बैठे अधिकारियों को रहने के बाद भी घटना को होने तथा किसी के जान जाने का इंतजार किया जाता रहा है , वही स्थानीय जनप्रतिधि भी अपने कर्तव्य से विमुख बने रहने के कारण नवरात्रि के पहले दिन भिलाई 3 क्षेत्र एवं हमारे समाज की एक बेटी को खो देने का आरोप लगाया है । सभा के अंत में उपस्थित समाज के सदस्य एवं स्थानीय लोगों ने घटना के दोषियों पर सख्त सजा देने तथा मृतक के परिवार को कम से कम 25 लाख रुपए की राशि शासन प्रशासन की ओर से दिए जाने की मांग को रखने का प्रस्ताव पारित किया गया है । आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मृतक के पिता मिंटू शील, माता तरुलता , दादी नियूती शील, वर्षा मथानी , ममता शील , कोनिका शील , सीखा , अनिता डे, काजल सील , रंजीत शील , नरेश शील, सुब्रत राय , नरोत्तम शील , गणेश सील , मानत कुंडू , कार्तिक मंडल , नारायण राय , मानिक शील, बरजो गोपाल शर्मा , रवि मिश्रा , बापी राय , नेम सिंह , अशोक सोनी , मनहरण साहू , लीलाधार निषाद , श्यामलाल ध्रुव , प्रवीण हालदार , राजू साहू , विजेंद्र सिंह , अशोक सोनी सहित बड़ी संख्या में बंगाली समाज के सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे है।

### पिता ने बेटी से किया अनाचार

भिलाई जामुल थाना अंतर्गत रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना सामने आई है। पिता ने अपनी इकलौती नाबालिग बेटी के साथ अनाचार किया घटना के समयमा काम पर गई थी। लौटी तो बेटी ने मां को आपबीती बताई। इस पर उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने आरोपी को धारा 376, 506 और पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया जामुल पुलिस ने बताया कि नाबालिग की और उसकी मां ने 26 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत के मुताबकि उसका पति आदतन शराबी है और काम पर भी नहीं जाता था। परिवार में 13 साल की बेटी और 10 वर्ष का बेटा है। 25 मार्च को वह काम पर गई हुई थी दोपहर के समय यह शराब के नशे में घर पहुंचा बेटी कमरे में सो रही थी। उसे देखकर पिता की नियत खराब हो गई।

## कई पंचायतों में विभिन्न कार्यों के लिए 1.96 करोड़ रुपए मंजूर

**उतई, 28 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 55 विकास कार्यो के लिए (196.58)एक करोड़ छयांबे लाख आठवन हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है.. जिसमें ग्राम कोलिहापुरी मुक्तिधाम मे शेड निर्माण 4लाख 79 हजार रूपये क्रमशः ग्राम धनोरा ,खपरी (सि)खुरसुल ,करगाडीह कुथरेल ,थनौद ,भोथली ,डुमरडीह ,अण्डा ,अछोटी में राशि स्वीकृति मिली है। निर्मलाघाट निर्माण कार्य रूदा निर्मलाघाट निर्माण नया तालाब में 2 लाख 60 हज़ार, घुघसीडीह निर्मलाघाट निर्माण। बांधा तालाब में 2.60 हज़ार खपरी (सि) निर्मलाघाट निर्माण। पुराना तालाब में 2.60 हज़ार खाड़ा निर्मलाघाट निर्माण। नदीघाट में 2.60हज़ार खुर्सीडीह निर्मलाघाट निर्माण। 2.60 हज़ार झोला निर्मलाघाट निर्माण। नदी मे मुक्तिधाम के पास 5 लाख 20 हज़ार कोनारी निर्मलाघाट निर्माण। आमा तालाब मे 2 लाख 60हज़ार कुथरेल निर्मलाघाट निर्माण। टिकरापारा तालाब में 2 लाख 60हज़ार महमरा निर्मलाघाट निर्माण। नदी घाट में 5 लाख 20 हज़ार मोहलई निर्मलाघाट निर्माण। शीतला तालाब में 2 लाख 60 मालुद निर्मलाघाट निर्माण। मिश्रा बाड़ी के पास 2 लाख 60हज़ार मतवारी निर्मलाघाट निर्माण। नया तालाब में 2 लाख 60हज़ार मतवारी निर्मलाघाट निर्माण। गोनिया तालाब 2 लाख 60 हज़ार बिरेझर निर्मलाघाट निर्माण। 2 लाख 60 हजार विनायकपुर निर्मलाघाट निर्माण। गांव तालाब मे 2 लाख 60हज़ार तिरगा निर्मलाघाट निर्माण। भरेंघाट नदी में 2 लाख 60 हज़ार निकुम निर्मलाघाट निर्माण। अटल नगर तालाब में 2 लाख 60हज़ार हनोदा निर्मलाघाट निर्माण। बुढ़ा तालाब में 2 लाख 60हज़ार भोथली निर्मलाघाट निर्माण। शीतला तालाब में 2लाख 60हज़ार भानुपरी निर्मलाघाट निर्माण। बड़े तालाब मे 2 लाख 60 हज़ार पुरई निर्मलाघाट निर्माण। डोगिहा तालाब में 2 लाख 60 हज़ार दमोदा निर्मलाघाट निर्माण। 2 लाख 60 हज़ार आमटी निर्मलाघाट निर्माण। अबादी तालाब में 2लाख 60 हज़ार आलबरस निर्मलाघाट निर्माण। मालिक तालाब तक 2 लाख 60 समुदायिक भवन निर्माण कार्य खुर्सीडीह सामुदायिक भवन निर्माण। पारधीपारा में 6 लाख 50 हज़ार रिसामा सामुदायिक भवन निर्माण। 6 लाख 50 हज़ार रिसामा सामुदायिक भवन निर्माण। 6 लाख 50 हज़ार सी. सी सड़क निर्माण कार्य ग्राम पुरई सी.सी.रोड निर्माण। केनरा बैंक से खेदुयादव घर तक 2 लाख 60 हज़ार खुरसुल सी.सी.रोड निर्माण। महावीर चैक से मेन रोड 2 लाख 60 हज़ार कातरो सी.सी.रोड निर्माण। सड़क से धर्मेन्द्र साहू घर तक 2 लाख 60 हज़ार कुथरेल सी.सी.रोड निर्माण। हिरामन साहू घर से होमन तांनडेकर घर तक 2 लाख 60 हज़ार मातरोडीह सी.सी.रोड निर्माण। सड़क से आंगनबाडी तक 4 लाख 79 हज़ार मोहलई सी.सी.रोड निर्माण। पुनित कुम्हकार घर से मानस घर तक 2 लाख 60 हज़ार रिसामा सी.सी.रोड़ निम्राण। विभिन्न गलियों में 5 लाख 20 सिलोदा सी.सी.रोड निर्माण। मेन रोड से तुकाराम घर तक 2 लाख 60हज़ार विनायकपुर सी.सी.रोड निर्माण। वार्ड क्र. 04 2 लाख 60 हज़ार भरदा सी.सी.रोड निर्माण। वार्ड क्र. 02 एवं 03 ,5 लाख 20 हज़ार पीसेगांव सी.सी.रोड निर्माण। दुखहरण देशमुख घर से सतनाम भवन तक 2लाख 60 हज़ार रसमड़ा सीमेंटीकरण कार्य। विभिन्न गलियों में 5 लाख 20 उमरपोटी सी.सी.रोड निर्माण। मुख्य मार्ग से पुनाराम टंडन घर तक 2 लाख 60 हज़ार चंदखुरी सी.सी.रोड़ निर्माण। मेघनाथ घर से शमशान घाट तक 2 लाख 60 हज़ार अंजोरा (ख) सी.सी.रोड निर्माण। घोसुल निषाद घर से आंगनबाड़ी तक 2 लाख 60 हज़ार आमटी सी.सी.रोड निर्माण। नंदलाल घर से अमृत निषाद घर तक 2 लाख 60 हज़ार गनियारी सी.सी.रोड निर्माण। मेन रोड से अशोक घर तक 5 लाख 20 हज़ार की राशि स्वीकृति हुई है।

### पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में निर्मित दुकानों की होगी नीलामी

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 4 शिवाजीनगर जोन अंतर्गत पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार भिलाई में निर्मित भूतल की दुकानों की नीलामी व्यवसायिक प्रयोजन के लिए की जा रही है। इसकी प्रक्रिया पूरी तरीके से ऑनलाइन होगी। आज से ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया चालू हो गई है, 17 अप्रैल 2023 समय 5:30 बजे तक ऑनलाइन दस्तावेज जमा कर सकते हैं। 30 वर्ष के किराएदारी के लिए दुकानें मिलेंगी। नेशनल हाईवे से लगा हुआ लोकेशन में दुकान बना हुआ है। दुकान के प्रकार के हिसाब से 54 दुकाने नीलामी के लिए तैयार है। सभी के ऑफ़सेट मूल्य, धरोहर राशि और दुकान का किराया राशि का निर्धारण भी कर दिया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए एवं नियम शर्तों को जानने के लिए तथा मानचित्र या उससे संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल व तथा पर देखी जा सकती है। निविदाकारो को ऑक्शन में भाग लेने के लिए पर पंजीकृत करना अनिवार्य होगा।



### घर-घर में चैत्र नवरात्रि की धूम

**कवर्धा, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चैत्र नवरात्रि पर्व में अधिकतर घरों और मंदिरों में माता की सेवा करने वालो की दिनों दिन भिड़ बढ़ रही है । मंदिरों में सुबह से भिड़ पहुंचती हुई देखी जा रही है । गीता दुबे ने बताया की चैत्र नवरात्रि में उपवास की हूं और मां दुर्गा के प्रति मेरी बचपन से आस्था है और मां दुर्गा की जो सच्चे मन से पूजा करते है उनकी मनोकामना मां दुर्गा मय्या पूरा करती है ।



### मां विंध्यावासिनी मंदिर में 3256 ज्योत प्रज्वलित

**कवर्धा।** मां विंध्यावासिनी मंदिर में 3256 ज्योति कलश प्रज्वलित है और सुबह से ही श्रद्धालु नारियल , फूल , मिठाई चढ़ाकर और अगरबत्ती और दिया जलाकर पूजा करते हुए दिखे जाते है ।

### टैक्स जमा करने भिलाई निगम दे रही अच्छी सुविधा, हेल्पलाइन नंबर के जरिए अकाउंट नंबर में जमा कर सकते हैं कहीं से भी टैक्स

**भिलाई नगर।** टैक्स जमा करने के लिए निगम बड़ी राहत दे रहा है, इसके लिए निगम के द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। ऑनलाइन टैक्स जमा करने वाले करदाताओं के लिए भी बड़ी सहूलियत इसके माध्यम से मिलेगी तथा कहीं से भी टैक्स जमा कर सकेंगे। शहर से बाहर रहने वाले लोगों के लिए यह राहत देने वाली खबर होगी। यदि आप शहर से कहीं भी बाहर रहते हैं तो टैक्स जमा करने के लिए एसपीएस एजेंसी के हेल्पलाइन नंबर 9153986192 तथा 9153986196 पर संपर्क करना होगा। इस नंबर पर संपर्क करने से टैक्स कितना जमा करना है इसकी जानकारी भी मिल जाएगी। इसके मुताबिक टैक्स जमा करने के लिए एचडीएफसी बैंक के खाता क्रमांक 50200078894152 में टैक्स जमा कर सकते हैं। इसका उनके लिए आईएफएससी कोड 0000734 का इस्तेमाल कर सकते हैं। टैक्स जमा करने के बाद हेल्पलाइन नंबर के जरिए रसीद भी दी जाएगी। अच्छी बात यह है कि यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 का टैक्स जमा करने के लिए केवल 4 दिन ही शेष रह गए हैं इसके बाद से 18त्न अधिभार और शास्ती शुल्क के साथ टैक्स लिया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई करदाताओं से अपील करता है कि समय पर अपना टैक्स जमा कर दें 31 मार्च की अंतिम तिथि तक टैक्स जमा करने में अधिभार नहीं लगेगा। अवकाश के दिनों में शनिवार और रविवार को भी टैक्स जमा करने की राहत पहले ही निगम दे चुका है, रामनवमी 30 मार्च अवकाश के दिन भी टैक्स जमा किए जा सकते हैं। प्रत्येक जोन कार्यालय के साथ ही निगम मुख्य कार्यालय में इसकी सुविधा मिलेगी ताकि करदाताओं को टैक्स जमा करने में आसानी हो।

### विधायक महापौर एवं आयुक्त ने किया मोर जमीन - मोर मकान के हितग्राहियों को नक्शा तथा पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण

**दुर्ग, 28 मार्च।** नगर पालिक निगम आज सोमवार को स्वामी विवेकानंद सभागार, पद्मनाभपुर प्रधानमंत्री आवास योजना (श) के घटक मोर जमीन-मोर मकान के 100 से अधिक हितग्राहियों को नवीन आवास निर्माण प्रारंभ करने हेतु नक्शा वितरण मुख्य अतिथि अध्यक्ष छग राज्य वेयर हाउस कार्पोरेशन व विधायक अरुण वोरा के मौजूदगी में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल ने की ।अपने उद्बोधन में श्री वोरा ने उपस्थित हितग्राहियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि 卐गरीबो को पक्के घर का आसियाना उपलब्ध कराना, राज्य सरकार तथा निगम की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना तथा लक्ष्य है।

अध्यक्षता की आसंदी में धीरज बाकलीवाल ने समस्त पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त 25 परिवारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं अनुरोध किया कि निर्धारित नियमानुसार अपने पक्के घरों को समस्त दायित्व निर्वहन करें। नगर पालिक निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र से शीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ करें नियमानुसार समय में किश्त की राशि जारी की जावेगी।में कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमआईसी सदस्य अनुप चंदानिया, पार्षद प्रकाश जोशी,एल्डरमेन श्रीमति रत्ना नारमदेव, एसडी शर्मा नोडल अधिकारी, श्री व्ही.पी. मिश्रा सहायक नोडल अधिकारी, बी. एल. सी.गणमान्य नागरिक, समस्त कार्यरत एजेंसी एवं सूडा द्वारा पदस्थ विशेषज्ञ शामिल थे।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने विस्तार पूर्वक उपस्थित जनसमुदाय को बतलाया कि अभी 469 डीपीआर स्वीकृत हुआ है जिसका आज नक्शा वितरण किया गया तथा जनवरी 2023 में 318 नए लोगो का डीपीआर भी राज्य शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष ताम्रकार द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा तथा धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी एस.डी.शर्मा द्वारा किया गया।

## पुलिस ने लोगों को 101 गुम मोबाइल लौटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई।** भिलाई अपने गुम हो चुके मोबाइल फोन के वापस मिलने से लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्होंने अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद खो दिया था। आज पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव से अपना मोबाइल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। दुर्ग पुलिस ने कुल एक सौ एक गुम मोबाइल बरामद किया है दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने आज कंट्रोल रूम में पत्रकार वार्ता लेकर बताया कि जिले में गुम मोबाइल के संबंध में लगातार प्रार्थियों द्वारा थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। जिससे पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज आनंद छाबड़ा के द्वारा गुम मोबाइलों की पतासाजी कर प्रार्थियों के सुपुर्द करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू , उप पुलिस अधीक्षक सायबर आईपीएस प्रभात कुमार एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट दुर्ग निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को गुम हुये मोबाइलों को खोज कर संबंधित मोबाइल स्वामियों को वितरण करने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वर्ष 2022 2023 के गुमे हुये मोबाइलों से संबंधित आवेदन पत्रों के आधार पर अभियान चला कर अथक मेहनत एवं लगन से एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम द्वारा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाँव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 101 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइलों को बरामद किया है। इन मोबाइलों की कीमत तकरीबन 12.50 लाख रूपये आंकी गई है। जिसे संबंधित आवेदकों को विधिवत वितरण किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही। डॉ पल्लव ने बताया कि दुर्ग पुलिस के सोशल एकाउन्ट फेसबुक, इन्सटाग्राम, ट्वीटर) पर बरामद मोबाईल के आईएमईआई नंबरों की लिस्ट अपलोड की जायेगी। जिससे मिलान कर संबंधित मोबाईल स्वामी एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट कार्यालय सेक्टर 3 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है ।

## जिले में 1 अप्रैल से शुरू होगा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 प्रगणकों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण की शुरुआत हो गयी है। एक अप्रैल से सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वे का काम करेंगी और डाटा एकत्र करेंगी। घोषणा के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण एक अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य किया जाएगा।सर्वेक्षण टीम में तकनीकी जानकारी रखने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल किया गया है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों से 12 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए। इन सभी का एक दिवसीय प्रशिक्षण राजधानी रायपुर के पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में दिया गया। सभी प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर आज अपने-अपने विकासखंड में पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया गया।मास्टर ट्रेनरों ने कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इस संबंध में एक तकनीकी रूप से ऐसा सक्षम एप्प तैयार किया गया है, जो डाउनलोड करने के बाद उस एप्प में ऑफलाइन मोड में एन्ट्री की जाएगी। बाद में नेट के ज़रिए डाटा अपडेट किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि को शामिल किया गया है। रोज़ी-रोटी कमाने दूसरे जगह गये परिवार के किसी सदस्य द्वारा दी गई जानकारी एप्प में भरी जाएगी। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होंगी। राज्य शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों का जनता के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन करने और प्राप्त जानकारी पर भविष्य में बनायी जाने वाली जनता की और बेहतर भलाई की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यहा सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है।

## एक नजर

### निगम की बजट बैठक 31 मार्च को

**राजनांदगांव 28 मार्च।** नगर पालिक निगम की बजट बैठक 31 मार्च शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2022-23 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने बताया कि प्रातः 10:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जायेगा। उन्होंने महापौर सहित निगम आयुक्त, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों,नामांकित पार्षदों व पत्रकार बंधुओं एवं अधिकारियों कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### भोथीपार खुर्द नयापारा में देवी भागवत पुराण का आयोजन



**राजनांदगांव 28 मार्च।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में समस्त ग्राम वासियों ने नवरात्रि पर्व में देवी भागवत पुराण पं आचार्य राजेश शर्मा जी रनचिरई वाले के 22 मार्च से 30 मार्च तक नौ दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में शंकर पार्वती विवाह में शामिल क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच लोकेश गंगबीर धामनसरा सरपंच दिव्या केशव हिरवानी भोथीपार खुर्द पुराना पारा ने कथा श्रवण किया तथा भगवान भोलेनाथ कथा विवाह शामिल हुआ रोशनी वैष्णव ने कहा कथा पुराण होने से गांव धार्मिक वातावरण एवं हमारे हिन्दू धर्म संस्कृति के ज्ञान युवाओं मिलता है हमारे मानव जीवन के कल्याण कैसा होगा हमारे ग्रंथों कथा भागवत पुराण गीता से पंडित जी लोग सरल भाषा में जानकारी दे कर सत्य के मार्ग पर चलने रास्ता बताया जाता है हमारे भागवत गीता रामायण पाठ अनुसरण करने पर ही मानव जीवन कल्याण हो सकता है आयोजन समिति सदस्य चंपा साहू गोपाल साहु रूमलाल साहु ऐकेश साहु दीपक साहू जानकी साहु नरबदिया साहु विद्या ठाकुर सहित आप पास गांव के कथा श्रवण करने वाले लोग बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।

### ऑटो एक्सपो के चौथे दिन भी दिखा भारी उत्साह, आयोजन 5 अप्रैल तक

**रायपुर 28 मार्च।** साइंस कालेज मैदान में राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 में चौथे दिन भी वही उत्साह कस्टमर का नजर आया जो पहले दिन था। तीन दिन में 2017 वाहनों की डिलवरी हो चुकी है, एक्सपो अवधि के दौरान उम्मीद है इसकी संख्या 30 हजार से अधिक पहुंच जायेगी। डिमांड इतनी है कि गाडियों की संख्या कम पड़ रही, कंपनियां लगातार सप्लाई बढ़ा रही हैं। वैसे इससे पहले के वर्षों में एक्सपो चार दिन के लिए हो आयोजित होते रहा लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक्सपो के लिए विशेष सौगात रोड टैक्स में जो 50 फीसदी की छूट घोषित की उसका कैसा लाभ प्रदेश के लोगों को अधिक से अधिक मिले इसलिए एक्सपो 5 अप्रैल तक करने के लिए कहा, जिसका स्वागत करते हुए राडा ने 24 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक एक्सपो का आयोजन किया है।

### मेघालय सरकार और सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने पूर्व प्रारंभिक बाल विकास परियोजना के लिए की साझेदारी

**रायपुर 28 मार्च।** मेघालय सरकार और सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने राज्य में पूर्व प्रारंभिक बाल विकास (ईसीडी) परियोजना के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य मेघालय हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट (एमएचएसएसपी) को तकनीकी और कार्यान्वयन सहायता प्रदान करना है ताकि राज्य के ईसीडी मिशन में परिकल्पित परिणामों में सुधार के लिए एक एकीकृत ईसीडी मॉडल विकसित, डिजाइन और कार्यान्वित किया जा सके। श्री संपत कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, मेघालय सरकार विभाग ने इस समझौते पर बात करते हुए कहा, मेघालय राज्य पूर्व प्रारंभिक बाल विकास (इसीडी) मिशन चला रहा है। मिशन का मुख्य लक्ष्य गर्भावस्था से आठ वर्ष की आयु तक के बच्चों की क्षमता को अधिकतम विकसित करना है। यह पहल सेसमी वर्कशॉप इंडिया और राज्य सरकार के शिक्षा, महिला और बाल विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न सरकारी विभागों के साथ एक सहयोगी प्रयास है।

### नगर निगम ने नाले की सफाई करवाई

**रायपुर 28 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्री नागभूषण राव, आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा विगत वर्षों के मानसून के दौरान के अनुभवों के आधार पर तेज एवं भारी बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से ग्रस्त होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करके उक्त क्षेत्रों के नालों की सफाई करके गन्दे पानी की सुगम निकासी का प्रबंधन करने अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानन्द साहू ने बताया कि जोन 8 के वार्डो में जिन स्थानों पर मानसून में भारी एवं तेज बारिश के दौरान जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, उन क्षेत्रों को चिन्हित करके वहाँ के बड़े नालों में पोकलेन मशीन उतारकर नालों की सफाई करवाकर गन्दे पानी के सुगम निकास की व्यवस्था की जा रही है, जिससे आगामी मानसून के दौरान तेज एवं भारी बारिश के समय उक्त क्षेत्रों के रहवासियों को जलभराव की समस्या का सामना ना करना पडे। जोन 8 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन के तहत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के तहत आने वाले कबीर नगर फेस - 4 में अविनाश आशियाना अपार्टमेंट के पीछे के क्षेत्र के बड़े नाले में पोकलेन मशीन उतारकर नाला सफाई करवाई गयी है।

# देश बदल नहीं, बिक रहा है, छत्तीसगढ़ में वादा निभाया जा रहा: मरकाम

**पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह बोल्ड होते-होते बचे**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 मार्च।** केन्द्र की मोदी सरकार के कारण आज देश में महंगाई, बेरोजगारी बेकाबू हो चुकी है, देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। केन्द्रीय सरकारी एजेंसियां मात्र कठपुली बन कर रह गई। आज देश में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो चुकी है वहीं विपक्षी पार्टियां सरकार से जिस मुद्दे पर सरकार से चर्चा करनी चाहती है तो उसे प्रताड़ित करने उतारू हो जाती है। ऐसी स्थिति में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था बुरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा निकाली जिसका देश में सकारात्मक माहौल बना उस यात्रा का उद्देश्य बताने कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता आज हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से आम जनता के बीच पहुंचकर जनसंवाद करते हुए कांग्रेस की विचारधारा से आम जनता को जोड़ रही है।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सर्वप्रथम सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के अगुवाई में आज अंतिम दिवस यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला, उत्तर ब्लॉक प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी, दक्षिण ब्लॉक प्रभारी श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन व उत्तर-दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में विगत 26 जनवरी से अनवरत जारी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का 27 मार्च को शहर में रैली निकालकर यात्रा का समापन हुआ।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में निकली यात्रा का कायस्थ समाज के मंदिर में श्रीफल भेट कर, फौव्वारा चौक में स्वागत होते हुए मानव मंदिर चौक, कमल टॉकीज चौक, बुद्ध विहार भरकापारा में बाबा साहेब अम्बेडकर का माल्यार्पण किया, इंदिरा सरोवर के पास बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा पुराना बस स्टैण्ड पहुंची जहां पर यात्रा का स्वागत हुआ इसके बाद महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देकर रामाधीन मार्ग होते हुए कामठी लाइन शनि मंदिर, हमालपारा होते हुए गुड़ाखू लाइन, जूनी हटरी से होकर जयस्तंभ चौक पहुंची जहां पर रैली को संबोधित किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगभग दो महिने तक चली इस हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और मेहनत की जिसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। इस दो माह तक चली यात्रा में माननीय राहुल गांधी जी के संदेश व छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियां व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया गया। श्री मरकाम ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के आते ही लगातार विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहा है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र के अधिकतर वादे पूरे नहीं किए, जबकि हमारी सरकार ने अपने घोषणा पत्र के 36 वादों में 32 वादें पूरे कर लिए हैं। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि देश बदल नहीं बिक रहा, लेकिन छत्तीसगढ़ में वादा निभ रहा है। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दरें देश में सबसे कम है, किसानों को धान का समर्थन मूल्य दे रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की समस्त योजनाएं आम जनता के लिए है। जिसके कारण हमें पूरा विश्वास है छत्तीसगढ़ की कांग्रेस पाटी आगामी विधानसभा में 75 का लक्ष्य से आगे बढ़ेगी, जिसमें राजनांदगांव विधानसभा जीतना भी हमारा लक्ष्य है।

# नोटिस से सरपंच,सचिव और पीडीएस संचालक परेशान

■ **राशन वितरण के बाद भी वसूली का नोटिस जारी होने से परेशान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 28 मार्च।** नारायणपुर जिले के 42 शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों को वर्ष 2022 के जून माह से सितंबर माह के बीच में ई पोस मशीन में राशन शेष दिखाए जाने के कारण एसडीएम द्वारा नोटिस जारी कर उक्त राशन की राशि जमा करने को कहा गया है । उक्त नोटिस के मिलने के बाद जिला सरपंच संघ , सचिव संघ और सेल्समैन संघ के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जारी नोटिस की पुनः जांच कर जारी नोटिस को रद्द करने की मांग की गई है । सरपंच और राशन दुकान के संचालकों का कहना है कि वर्ष 2022 के जून माह से सितंबर माह में राशन वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हमे नोटिस जारी कर राशि जमा करने को कहा जा रहा है जबकि सभी राशन कार्डधारियों को पूरा राशन वितरण किया गया है । ई पोस मशीन में राशन वितरण करने के बाद भी बैलेंस बताया जाना ये मशीन की त्रुटि है । वही इस मामले पर स्थानीय विधायक चंदन कश्यप ने कहा जब किसी हितग्राही ने राशन नही मिलने की शिकायत नहीं की तो इस तरह नोटिस जारी कर 15 से 20 लाख की राशि जमा करने को कहना गलत है इसकी पुनः जांच होनी चाहिए । वही जिला खाद्य अधिकारी का कहना है कि जून से सितंबर माह के वितरण में राशन शेष दिखाए जाने के कारण नियम के तहत वसूली का नोटिस जारी किया गया है । नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में शासकीय राशन दुकानों में ई पोस मशीन से वितरण की प्रक्रिया जब से शुरू की गई है कोई ना कोई विवाद सामने आ रहा है । इस बार ई पोस मशीन से वर्ष 2022 के जून , जुलाई , अगस्त और सितंबर माह में राशन वितरण का शेष दिखाए जाने के कारण जिले के 42 राशन दुकानों को नोटिस जारी कर शेष राशन को राशी जो हजार से लेकर 15 लाख रुपए जमा करने का नोटिस जारी किया गया है । नोटिस मिलने के बाद से राशन दुकान के संचालक और ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच के होश उड़ गए । जब राशन बराबर वितरण हुआ है बाउजुद इसके मशीन में शेष राशन की मात्रा दिखाए जाने की वजह से वसूली का नोटिस जारी किया गया है जो की गलत है । जिले के 70 प्रतिशत दुकान ऐसे जगह पर है जहा पर इंटरनेट की सुविधा नहीं है इन जगहों पर आफलाइन वितरण किया जाता है , जब इलाके में इंटरनेट की सुविधा नहीं है तो आनलाइन वितरण कैसे होगा , मैनुवल वितरण कर इंटरनेट में आकर आनलाइन किया जाता है । इस मामले पर विधायक चंदन कश्यप ने मामले में बिना शिकायत के नोटिस जारी करना गलत है जब लोगो को राशन मिला है तो नोटिस जारी करना गलत है इसकी फिर से जांच होनी चाहिए ।वही जिला खाद्य अधिकारी का कहना है कि पूर्ण राशन वितरण नही होने पर शेष राशन को लेकर जवाब तलब और राशि वसूली का नोटिस जारी किया गया ही नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।

# दस्तावेज सुधारने शिक्षा विभाग के बाबुओ पर पचास हजार रुपए मांगने का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला 28 मार्च।** जिले के अम्बागढ़ चौकी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जो आए दिन सुर्खियों में बना हुआ है, शिक्षा विभाग में पदस्थ बाबू सहित अधिकारियों की आए दिन कोई ना कोई मामले सामने आते जा रहे हैं, एक तरफ अपने चाहतों को बोर्ड परीक्षा में उड़नदस्ता टीम में शामिल किया जा रहा है, ऐसे कुछ मामले अंबागढ़ चौकी विकास खंड शिक्षा अधिकारी के आए दिन नजर आता है।

नगर में सेवानिवृत्त शिक्षक ने बीइओ कार्यालय में शिकायत की है की रिकवरी क्लियर कराने के नाम पर अंबागढ़ चौकी विकास खंड शिक्षा अधिकारी में पदस्थ दो बाबुओं ने शिक्षक से 50 हजार की मांग कर रकम ली है, रिकवरी क्लियर नहीं होने पर शिक्षक ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र दिया है, और दिए गए आवेदन में रकम वापस कराने की मांग की है, आवेदक द्वारा दिए गए अपने आवेदन में सेवा पुस्तिका में मेरा सेवा निवृत्त हो जाने के पूर्व माह नवंबर दिसंबर 2022 को रिकवरी ठीक कराने के नाम पर अंबागढ़ चौकी बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबूओ को आवेदनकर्ता ने दिया था, जिसका आज पर्यंत तक ठीक नहीं होने के कारण दिए गए रकम वापस लेने के लिए आवेदन पत्र बीईओ अंबागढ़ चौकी को दिया है, आवेदन कर्ता ने अपने आवेदन में बाबुओं का नाम भी संलग्न किया है। अब आगे ये सवाल खड़े होता है कि क्या शिक्षा विभाग जांच कर दोनो बाबुओं पर आगे कार्रवाई करेगा या फिर साठगाठ कर मामला रफादफा किया जाएगा।

**लेन देन की शिकायत का आवेदन मिला है- बीईओ :** विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर ने बताया कि शिक्षक द्वारा मुझे आवेदन प्राप्त हुआ है, आवेदन पत्र में बाबुओं द्वारा लिए गए रकम की लेन देन को लेकर शिक्षक ने मुझे आवेदन दिया है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इसका उद्देश्य बच्चों को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को ईसीडी केंद्रों के रूप में विकसित करना है। इसके अतिरिक्त, इस साझेदारी में समुदाय आधारित ईसीडी हस्तक्षेपों पर विशेष ध्यान दिया गया है। समुदाय के भीतर सकारात्मक पालन-पोषण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने की योजना है।

# भूपेश सरकार किसानों से धान खरीदी के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीट रही है:अनीता ध्रुव

■ **गिरदावरी के नाम पर किसानों के साथ छल, रकबा को किया कम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 28 मार्च।** भूपेश सरकार के 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की घोषणा पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की भाजपा आदिवासी नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव ने इसे चुनावी लॉलीपाप बताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आता देख, भूपेश सरकार हार के डर से घबरा रही है। उन्हें हार का डर सताने लगा है, इसलिए इस प्रकार के घोषणा का किसानों को लुभा रही है। किसान ऐसे चुनावी घोषणा के झांसे में नहीं आने वाले है। अनीता ध्रुव ने कहा कि अगर भूपेश सरकार को किसानों की चिंता थी, तो इसी साल ही 20 क्विंटल धान खरीदना चाहिए था। किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदने का दावा करने वाली भूपेश सरकार धान खरीदी को लेकर पिछले चार सालों में किसानों को परेशान ही किया है। धान खरीदी को लेकर हर वर्ष नए-नए नियम बनाकर किसानों की चिंताए बढ़ाई है। इस वर्ष 2023 में चुनाव है। इसीलिए कांग्रेस ने ऐसी घोषणा कर छलने का काम कर रही है। भाजपा के शासन में किसानों से 18 से 20 किवंटल धान खरीदी की जा रही थी। अनीता ध्रुव ने बताया कि भूपेश सरकार 2660 रूपये में धान खरीदी करने का झूठा ढिंढोरा पीट रही है, जबकि केन्द्र की मोदी सरकार 2140 रूपये मोटा, सरना धान और 2160 रूपए पतला धान का दे रही है। इसमें भी केन्द्र की मोदी सरकार ने इस साल 100 रूपए की बढ़ोत्तरी की है। वहीं भूपेश सरकार शेष राशि राजीव गांधी न्याय योजना के नाम से किस्तों में दे रही है और किसानों से झुठी वाह-वाही लूट रही है। उन्होंने कहा कि आज भूपेश सरकार छल कपट से गिरदावरी के नाम पर किसानों का रकबा कम कर दिया है जिससे किसान परेशान है। प्रदेश के किसान और जनता अब समझ चुकी है। वे अब ऐसे लुभावने वादे में नहीं आने वाली है। आने वाले चुनाव मे इसका जवाब देगी। भाजपा भी आने वाले समय में इस दावे की पोल खोल देगी और किसान विरोधी भूपेश सरकार की मंशा को किसानों व प्रदेश के जनता के सामने रखेगी।

### रीपा योजना अंतर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों में एटीएम लगाने के साथ ही उद्यमियों को ऋण स्वीकृति प्राथमिकता से करें:कलेक्टर

**राजनांदगांव 28 मार्च।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैंकर्स की बैठक लेकर वित्तीय एवं लक्ष्य पूर्ति की गहन समीक्षा की। बैठक में पाया गया कि कुछ बैंकों द्वारा शासन द्वारा दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति में उदासीनता के साथ ही लापरवाही बरती गई है। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देशित किया कि संबंधित बैंकों के विरूद्ध उनके विभाग अध्यक्ष को पत्र लिखकर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा हितग्राहियों के लिए योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें कमी और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से उनके बैंकों को दिए गए लक्ष्य और पूर्ति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीपा योजना अंतर्गत ग्रामीण आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और मजबूती देने के उद्देश्य से योजना संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा कि संबंधित ग्राम पंचायतों में उद्यम लगाने इच्छुक हितग्राहियों को सकारात्मक सहयोग करते हुए ऋण प्रकरण स्वीकृत करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि रीपा योजना अंतर्गत चिन्हित ग्राम पंचायतों में एटीएम स्थापित करें। जिससे हितग्राही इसका लाभ ले सके। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में सामाजिक सरोकार की दिशा में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार की दिशा में बैंकर्स भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इसी तरह उन्होंने बताया कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से कहा कि टीवी मरीजों की आहार किट की व्यवस्था के लिए अपना सहयोग दें।

### अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम सख्त

**राजनांदगांव 28 मार्च।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर लगातार कार्यवाही की जा रही है, पूर्व में कौरिनभाठा,, गोकुल नगर, चिखली ,बर्फानी आश्रम,रेवाडीह लखोलीक्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही की कडी में आज रिद्धी-सिद्धी कालोनी के पास रिक्त भूमि खसरा नं. 506/02, 506/03 एवं 506/05 को श्री मनोज जैन एवं श्री रोहित जैन द्वारा पुनः अवैध प्लाटिंग की जा रही तैयारी की भूमि स्वामियो द्वारा जानकारी देने पर नगर निगम द्वारा भू-स्वामियों की उपस्थिति में उक्त प्लाट में खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया तथा संबंधितो को नोटिस भी दिया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। जिसके तहत कौरिनभाठा, गोकुल नगर, चिखली ,बर्फानी आश्रम के पास,रेवाडीह, लखोली, आदि क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त करने की कार्यवाही की गयी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यवाही की कडी में आज रिद्धी-सिद्धी कालोनी के पास रिक्त भूमि खसरा नं. 506/29 श्री दवन लाल कटरे/मारोती कटरे, 506/28-क नीरा बाई साहू/तीजू राम साहू, 506/25 श्री रमेश प्रसाद शुक्ला/रामकुमार शुक्ला, 506/27 संगीता श्रीवास्तव/आशीष श्रीवास्तव, 506/30, 506/31 सुलोचना गणवीर/पी.एल. गणवीर भूमि को श्री मनोज जैन ने 17 वर्ष पूर्व विक्रय कर दिया था, किन्तु वर्तमान में श्री मनोज जैन एवं श्री रोहित जैन द्वारा पुनः अवैध प्लाटिंग कर विक्रय किया जा रहा था, जिसकी जानकारी संबंधितो द्वारा लिखित में दी गयी।



### विधायक कुलदीप जुनेजा ने किया 12 लाख के नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**रायपुर 28 मार्च।** उत्तर विधानसभा में सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य से प्रदेश की जनता को बेहतर सड़क से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है उत्तर विधानसभा के विधायक एवम छत्तीसगढ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह जुनेजा ने अपने उत्तर विधानसभा के हर वार्डो के गलियों का डामरीकरण कार्य कराकर अपने क्षेत्र की जनता को बेहतर आवागमन की सेवा दे रहे है काशीराम नगर में श्री जुनेजा ने पार्षद शीतल कुलदीप बोगा, एल्डरमैन सुनील छतवानी , एल्डरमैन सी एस ठाकुर एवम कॉलोनीवासियों के साथ 12 लाख के नाली निकासी निर्माण कार्य का विधिवत् पूजन कर भूमिपूजन किया बने कॉलोनियों के अपशिष्ट जलो के प्रबंधन को देखते हुए नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है यह निर्माण सुयोग विहार से उद्योग भवन तक किया जाएगा।बरसात के पहले यह कार्य पूर्ण हो जायेगी क्षेत्रवासियो ने श्री जुनेजा का को विभिन्न विकास मुद्दो के मांग से अवगत कराए साथ ही कॉलोनी में पेवर्श ब्लॉक की मांग की जिस पर जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर क्षेत्र पार्षद शीतल कुलदीप बोगा, एल्डरमैन सुनील छतवानी , एल्डरमैन सी एस ठाकुर, सागर दुलानी, विक्की वाधवानी, अमर बजाज, विकास ठाकुर, रानू कुर्रे, जित्तू बारले, विजय कुमार सोनी, प्रकाश त्रिवेदी, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, जगेंद्र सिंह, असीम पटनायक, मनिंदर पाल सिंह सूरी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



**जिले के कुल 407 ग्राम पंचायतों में होगा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण**

# राज्य में 1 अप्रैल से हर जिले में सर्वेक्षण का कार्य होगा प्रारंभ

**राजनांदगांव 28 मार्च।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। सभी प्रगणक अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इसके लिए 24*7 कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विकासखंड में प्रगणक एवं सुपरवाईजर की ड्यूटी होगी। इसके लिए एक कंट्रोल रूम होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित एप का शुभारंभ किया है। राज्य में 1 अप्रैल से हर जिले में सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। शिक्षक, रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रगणक के लिए ड्यूटी रहेगी तथा संकुल समन्वयक एवं आरईएओ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुपरवाईजर के रूप में ड्यूटी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाईजर को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रगणक को आईडी कार्ड उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक 2023 सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षो में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर, प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर कियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 हेतु राज्य जिले के लिए नोडल अधिकारी घोषित किया गया है। जिले में निवासरत ग्रामीण परिवारों के सर्वेक्षण के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है। प्रगणकों को प्रशिक्षण के दौरान एसईसीसी 2011 की सूची, प्रधानमंत्री आवास स्थाई प्रतीक्षा सूची, आवास प्लस सूची, राशन कार्डधारी परिवारों की सूची, धान विक्रय का किसान पंजीयन सूची एवं मनरेगा जॉब कार्ड सूची प्रदाय की जाए। ग्राम पंचायत में नियुक्त प्रगणकों की संख्या के आधार पर आवश्यक संख्या में सूचियां पहले से ही तैयार करने कहा गया है। राज्य स्तर से जिला नोडल अधिकारी व सहायक जिला नोडल अधिकारी का लॉगिन तैयार कर प्रदाय किया जाएगा। जिला स्तर से जनपद स्तर के नोडल अधिकारी का तथा जनपद स्तर से सुपरवाईजरों का सर्किल आधार पर लॉगिन बना कर उपलब्ध कराया जाना है। जनपद स्तर से रिजर्व सुपरवाईजर का तथा सुपरवाईजर द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए रिजर्व टीम सहित प्रगणक दल का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने बताया कि जिले के कुल 407 ग्राम पंचायतों में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया जाएगा। कुल ग्रामों की संख्या 666 है। वहीं मकानों की संख्या 1 लाख 69 हजार 874 है। 553 गणना दल होंगे। वहीं लगभग 1106 प्रगणक तथा 77 पर्यवेक्षक द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। रिजर्व दल का गठन भी किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्री दिलीप कुर्रे एवं जिला पंचायत की टीम, प्रगणक, सुपरवाईजर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा एप लॉग-इन, डाटा डाउनलोड एवं फीडिंग तथा सर्वेक्षण का प्रेक्टिकल का प्रशिक्षण सुपरवाईजरों को जिला स्तर पर प्रदान की जाएगी जहां इन्टरनेट की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो। सुपरवाईजर द्वारा प्रगणक दलों के चयन के समय यह विशेष ध्यान रखा जाए कि दल में शामिल दोनों सदस्यों में से किसी एक सदस्य के पास एन्ड्राईड मोबाईल अनिवार्य रूप से है। सुपरवाईजर, प्रगणकों द्वारा किए गये सर्वेक्षण के कम से कम 2 प्रतिशत मामलों में स्वयं उपस्थित रहे तथा कम से कम 10 प्रतिशत कार्यो का सत्यापन सुनिश्चित करें। सुपरवाईजर एवं प्रगणकों द्वारा सर्वेक्षित परिवारों से व्यक्तिगत जानकारियां भी प्राप्त किया जाना होगा। इन्हें फील्ड में कोई कठिनाई न हो इस उद्देश्य से सभी सुपरवाईजरों एवं प्रगणकों को एक आईडी कार्ड प्रदाय किया जाएगा। प्रगणकों के प्रशिक्षण विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित किए जाएं जहां इन्टरनेट की अच्छी कनेक्टिविटी हो तथा प्रशिक्षण के दौरान ही इन्हें एप डानलोड करना, लॉग-इन करना, डाटा एन्ट्री के प्रशिक्षण के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत का डाटा डाउनलोड करना होगा। प्रत्येक प्रशिक्षण में यह सुनिश्चित किया जाए की प्रतिभागियों की संख्या एक बार में 25 से अधिक न हो ताकि सभी प्रतिभागियों को समुचित प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। यदि प्रतिभागियों की संख्या अधिक हो तो अधिक संख्या में प्रशिक्षण आयोजित किए जाएगें।



## एक नजर

### आवासगृह निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि के संबंध में दावा-आपत्ति 6 अप्रैल तक

**सुकमा 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए पटवारी हल्का क्रमांक 55 इंजरम के ग्राम फन्दीगुड़ा में प्रस्तावित शासकीय भूमि खसरा नंबर 447/2 रकबा 5.573 हेक्टेयर में से रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि को न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास गृह निर्माण के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को आबंटित किया जाना है। तहसीलदार कोंटा श्री कैलास कश्यप ने उक्त प्रश्नाधीन शासकीय उक्त भूमि में न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास गृह निर्माण के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मामले की पेशी की तिथि 6 अप्रैल 2023 की पूर्व संध्या तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आमंत्रित किये हैं। वहीं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### स्व. दीपक कर्मा की जयंती पर किरन्दुल में युवाओ ने किया फल वितरण एवं रक्तदान



**गीदम 28 मार्च।** सोमवार को किरंदुल नगर में कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं दन्तेवाड़ा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व.दीपक कर्मा की 46 वीं जयंती मनाई गई । स्व.दीपक कर्मा की जयंती मे मुख्य रूप से उनके छोटे भाई दिव्यराज कर्मा की उपस्थिति में युवाओ द्वारा रक्तदान किया गया एवं एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में फल वितरण किया गया । किरंदुल नगर में यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के युवाओ द्वारा स्व.दीपक कर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर इस कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया । राहुल महाजन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के युवाओ के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमे सबसे पहले तकरीबन दस युवाओ ने रक्तदान किया एवं एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में सभी मरीज़ों को फल एवं बिस्कुट वितरण किया गया । इस दौरान राहुल महाजन ने कहा कि स्व.दीपक कर्मा सदैव ही युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगें और उनके जैसा जन नेता शायद ही कभी बस्तर की धरती पर दुबारा जन्मेगा । शहीद महेंद्र कर्मा के विचारों पर चलने वाले स्व.दीपक कर्मा ने हमेशा दलगत विचारधारा से ऊपर उठ कर समाज हित के लिए कार्य किये है और शायद उनकी कार्यशैली की यही विचारधारा से समाज का हर वर्ग उनके प्रति आकर्षित होता था । अपनी सहज और सरल स्वभाव के लिए लोगो मे अपनी अलग पहचान रखने वाले स्व.दीपक कर्मा से इसीलिए युवाओं को खास लगाव था। उनके छोटे भाई दिव्यराज कर्मा ने कहा कि समय से पहले उनका चले जाना बस्तर संभाग के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिसकी पूर्ति नही हो सकती । वह सदैव हमारी यादों में अमर है । इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रशांत बंसोड़, अशोक भास्कर, देवेंद्र उग्रे, रोहित ठाकुर, कृष्णा भंडारी, नितिन दुबे, चंदू बघेल, रिशाप रॉय, कमलेश ठाकुर, लोकेश साहू, देवराज, आयुष रॉय, पप्पू नायक, मोहन राव, देवाशीष सरकार, आदर्श सरकार, मक्कू, राहुल, राकेश एवं अन्य युवा साथी मौजूद थे ।

### गुलाब की खेती से रोजाना 10 हजार रुपये की कमाई

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 मार्च।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम चौगेल में होने वाले नीदरलैंड के डच गुलाब की खुशबू और रंगत न केवल रायपुर में बल्कि अन्य शहरों में भी बिखर रही है। कृषक गिरजा निषाद ने पारंपरिक खेती को छोड़कर गुलाब की खेती शुरू की और सालाना लाखों रूपये की कमाई कर रहे हैं। हाईटेक होती दुनिया मे रहने खुद को हाईटेक होना जरूरी है। भानुप्रतापपुर में रहने वाले कृषक गिरजा निषाद ने अपनी पुश्तैनी खेती में बदलाव लाया है। गिरजा ग्राम चौगेल स्थित अपने एक एकड़ भूमि में बने पॉलीहाउस में गुलाब के फूलों की खेती शुरुआत की और गुलाब के फूलों का उत्पादन कर रहा है। मौसम अनुरूप फसलें बोने के बजाय उन्नत प्रजाति के डच गुलाब की खेती कर रहे हैं। यह डच रोज यानी गुलाब के फूल पूरे खेत को महकाने के साथ गिरजा के बेहतर भविष्य को भी महका रही है, वे इस खेती से रोजाना 9 से 10 हजार रुपए की आय अर्जित कर रहा है। कृषक गिरजा निषाद ने बताया कि पॉलीहाउस में लाल, सफेद, गुलाबी और पीला गुलाब का रोपण किया है, जहां पर प्रतिदिन 45 से 50 किलोग्राम फूल का उत्पादन हो रहा है, जिसे 02 सौ रुपए प्रति किलोग्राम की दर से रायपुर में पैकेजिंग कर बिक्री के लिए भेजा जाता है, जिससे रोजाना 9 से 10 हजार रुपए की आमदनी हो रही है। वहीं 20 नग गुलाब गुलदस्ता की कीमत 240 रुपए में बिकती है यानि एक फूल की कीमत 12 रुपए है। पॉलीहाऊस में फूलों की तोड़ाई एवं देखभाल के लिए चार मजदूर रखा गया है। उन्होंने बताया कि अन्य फसल में तीन से चार माह की कड़ी मेहनत के बाद एक बार ही उत्पादन मिलता है, लेकिन गुलाब की खेती में रोपण के दो से तीन महीने के बाद से उत्पादन शुरू हो जाता है, जो लगातार तीन सालों तक चलता रहता है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के विजेताओं को लखमा ने किया पुरस्कृत

## राजीव गांधी युवा मितान को किया दूसरी किस्त की राशि का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 28 मार्च।** कुम्हाररास स्थिति शबरी ऑडिटोरियम में पुरस्कार एवं किश्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने छत्तीसगढ़ ओलपिंक खेल वर्ष 2022-23 के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं राजीव युवा मितान क्लब योजना अंतर्गत द्वितीय किश्त का वितरण किया। साथ ही ओलंपिक खेल हेतु विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण राशि कुल 47.44 लाख रुपये और जिले के 162 मितान क्लब योजनांतर्गत द्वितीय किश्त हेतु 40.50 लाख रुपये राशि का वितरण हेतु चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने संबोधित करते हुए का कहा कि देश का पहला सरकार छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के साथ ही सभी वर्गों और समाजों के हित के लिए बेहतर कार्य किया है। आगामी माह में आयकर से मुक्त परिवार जिनके सदस्य किसी शासकीय या अर्धशासकीय सेवा में नहीं है उनके बच्चों का 12 वीं उत्तीर्ण होने पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी के साथ ही उन्होंने बेरोजगारों को प्रदान की जाने वाली बेरोजगार भत्ता, तेंदुपत्ता बोनस राशि, धान खरीदी, गोबर खरीदी, मिलनेट फसलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा रही है कि राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से ही आज संवेदनशील क्षेत्र के आमजनों को शिविर लगाकर राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी ने कहा कि खेल में न जितना जरूरी है ना हारना जरूरी है, स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी है के नारा के साथ खेलों का महत्व बताया। उन्होंने स्वस्थ और तंदरुस्त रहने के लिए खेल गतिविधियों को दैनिक जीवन में शामिल करने कहा और क्षेत्र के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए खेलों के साथ स्वस्थ पर्यावरण भी जरूरी है। पर्यावरण के बचाव के लिए वृक्षारोपण भी जरूरी है, यदि 10 पेड़ की कटाई होती है तो उसके बदले में 100 पौधों का रोपण करके पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। जिले में राजीव गांधी युवा मितान के द्वारा भी बेहतर कार्य किया गया है, जिनका पहला किश्त प्रदान किया गया था आज दूसरी किश्त 35 लाख रुपये सरकार ने प्रदान की है। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया है, इसी का परिणाम है कि संवेदनशील क्षेत्रों के युवावर्ग भी अच्छी शिक्षा लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, डिप्टी कलेक्टर जैसे बड़े पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जगन्ना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने विलुप्त होने वाले खेलों और संस्कृति को संरक्षण देने का कार्य किया है। राजीव गांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में पारंपरिक और स्थानीय खेलों को जगह दी गई जिससे इन खेलों को जिला, राज्य के साथ ही देश विदेश में भी पहचान मिली। पंचायत, विकासखण्ड, जिला, संभाग और राज्य आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विलुप्त होने वाले खेलों के पुनः आयोजन से बच्चों के साथ ही बड़े बुजुर्गों ने भी खेल प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का जौहर दिखाया। वहीं विजेता खिलाड़ियों को भी विभिन्न स्तरों पर सम्मानित भी किया गया।

# चित्रकला के जरिये बच्चों ने दिया क्षय रोग की रोकथाम का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 28 मार्च।** विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को क्षय रोग से स्वास्थ्य जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों और क्षय रोग पर दिखने वाले संभावित लक्षणों की भी जानकारी दी गई। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बच्चों को क्षय रोग के रोकथाम के लिए विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने इस बीमारी के रोकथाम के लिए सभी की सहभागिता और जागरूकता जरूरी बताया। इसी तरह डॉ. अनामय ने भी बच्चों को आवश्यक जानकारियां दी। उन्होंने टीबी को मुक्त करने के लिए सबसे पहले सभी को बीमारी के प्रति जागरूक होना है और कड़ी से कड़ी जोड़ने वाली इस बीमारी के कड़ी को तोड़ते हुए भारत को टीबी मुक्त बनाना है। साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है इसका इलाज सम्भव है, इससे घबराएं नहीं, आस पड़ोस के किसी व्यक्ति में टीबी के संभावित लक्षण दिखने पर उन्हें अस्पताल जाकर जांच और उपचार कराने के लिए प्रोत्साहित करें। इस बीमारी की जांच और उपचार सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पावारास सुकमा में विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शामिल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पावारास सुकमा, एकलव्य विद्यालय, पोटाकेबिन के 41 प्रतिभागियों ने क्षय रोग से सामाजिक जीवन और आर्थिक पहलुओं पर पड़ने वाले प्रभावों को चित्रकला में प्रदर्शित करके रोकथाम का संदेश दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय बालिका आवासीय हाइस्कूल सुकमा की छात्रा कु. अंजली बघेल ने प्रथम स्थान, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुम्हाररास के छात्र ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान स्वामी आत्मानंद विद्यालय की छात्रा कुमारी नैंसी ने प्राप्त किया, जिन्हें प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं जिले में क्षय रोग के नियंत्रण और क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आशा कार्यकर्ता भारती तेलामी, रामे बारसे, सरिता ठाकुर, कुन्नी सोढ़ी और पार्वती टोंडारे को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही निक्षय रोग के रोकथाम में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने वाले निक्षय मित्र छिंदगढ़ के संजय चांडक और निर्मला कमलाकर भिड़वई को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि संजय चांडक द्वारा 11 टीबी मरीजों और निर्मला कमलाकर के द्वारा 10 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है, साथ ही उन्हें 6 महीने तक पोषण आहार भी प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. महादेव बारसे, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री मुकेश रॉय, जिला टीबी व एचआईवी क्वाडीनेटर श्री जयनारायण, जिला पीपीएम समन्वयक श्री नवीन पाठक, श्री संतोष चौहान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# डॉ.आम्बेडकर जयंती को लेकर तैयारियां जोरों पर समाज के पदाधिकारियों को सौपा गया दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 28 मार्च।** 14 अप्रैल डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जयंती को हर्षोल्लास व समारोह पूर्वक मनाने के लिए तथा आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर समिति के बैठको का दौर चालू है।

यहाँ कृषि उपज मंडी प्रांगण एवं आम्बेडकर सामुदायिक भवन सुभाषवार्ड में दो अलग-अलग बैठके सम्पन्न हुई। आयोजित उक्त बैठको में बौद्ध समाज के बड़ी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए पिछले 20-25 वर्षो से बौद्ध समाज के लोग डॉ. आम्बेडकर स्मारक समिति के बैनर तले डॉ. आम्बेडकर जयंती का भव्य आयोजन करते आ रहा है। इसी तारतम्य में आज की बैठक मे डॉ. आम्बेडकर स्मारक समिति के पदाधिकारियों का पुनर्चयन कर नवीन ऊर्जावान साथियो को कार्यक्रम आयोजन की कमान सौपी गई। उनमें संरक्षक बलदेव नायक, बिषेश्वर मेश्राम , अध्यक्ष कौशल किशोर ऊके, उपाध्यक्ष दुर्गा नायक, कल्याण सिंह मेश्राम, मानव रामटेके, सुलेखा मेश्राम, सचिव पालेश्वर तुरकर, सहसचिव सुशीला गढ़पाले, कोषाध्यक्ष एस. पी. रामटेके,उपकोषाध्यक्ष पूर्णिमा गटकरी, प्रवक्ता मिथलेश मेश्राम, मीडिया प्रभारी विकास कुमार अंभोरे, सलाहकार बीरबल गढ़पाले, डॉ. विजय रामटेके, रेखा घरडे, वंदना वैद्य, विधिक सलाहकार एन. एल. पचबिये एवं कार्यकारिणी का चयन कर आम्बेडकर जयंती कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। कोविड के मद्देनजर पिछले वर्षो में साधारण तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, किंतू इस वर्ष अनुकूल परिस्थितियों के चलते कार्यक्रम को भव्यता से मनाने का निर्णय लिया गया , 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जयंती को उत्सव के रूप में मनाने के लिए अलग अलग समितियों का गठन कर प्रभारियों को दायित्व सौपा गया है। मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को प्रातः 9ः बजे से बाइक रैली गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली जाएगी तत्पश्चात दोपहर 3ः00 बजे से डॉ. आम्बेडकर सामुदायिक भवन सुभाषवार्ड से पैदल रैली, झांकी नगर भ्रमण कर मुख्य समारोह स्थल बाबा साहेब प्रतिमा स्थल स्टेट बैंक के सामने सभा के रूप में परिवर्तित होगी । जहाँ अतिथियो व वक्ताओ का वक्तव्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आज की बैठक में प्रमुख रूप से नवीन चयनित पदाधिकारियों के अलावा राजेन्द्र बोरकर पूर्व अध्यक्ष स्मारक समिति, कार्तिक रामटेके, अशोक ऊके,महेश गटकरी,जयप्रकाश गेडाम, कमलेश रामटेके, ललिता गायकवाड़ अध्यक्ष महिला मंडल,मीनाक्षी शेंडे, मधु मेश्राम, रजनी रामटेके, तरुणा ऊके, मीना ऊके पार्षद सुभाषवार्ड, मनीषा मेश्राम, कल्पना वासनिक, रामबती गढ़पाले, अंगीरा गौतम,जमुना रामटेके, तुलसी गटकरी, सोना बाई रामटेके, पवन गढ़पाले, विक्रम वासनिक, नीतीश तुरकर, देवेंद्र वासनिक,दीपक खोब्रागडे आदि सदस्य उपस्थित हुए ।

### परिवहन सुविधा केंद्रों में आमजनों को मिल रहा परिवहन संबंधी सुविधा का लाभ

**सुकमा 28 मार्च।** प्रदेश सरकार ने वाहन चालकों को परिवहन कार्यालय के अलावा तमाम परिवहन संबंधी सुविधा को आसान बनाने के लिए जिले में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की गई है। जिससे अब वाहन चालक इन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से परिवहन संबंधी तमाम सुविधाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकते हैं। वहीं इन केन्द्रों के स्थापना होने से अब चालकों को परिवहन संबंधी सेवाओं का लाभ सरलता से मिलने लगी है, साथ ही समय और धन की बचत भी हो रही हैं वहीं अनाधिकृत एजेंटो पर निर्भरता भी कम हो गई है। जिला परिहवन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 12 परिवहन सुविधा केन्द्र स्वीकृत हैं, वर्तमान में 8 परिवहन केन्द्र संचालित की जा रही है, वहीं शेष परिवहन केन्द्र के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है जिनमें 2 नए परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए आवेदन मिले हैं जिनकी स्वीकृति के लिए उच्च कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिले के छिन्दगढ़ में 2, तोंगपाल में 1, सुकमा में 1, गादीरास में 1, दोरनापाल में 2 और कोण्टा में 1 परिहन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 300 लर्निंग लायसेंस समेत अन्य परिवहन संबंधी सुविधा का लाभ भी दिया जा रहा है। विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने परिवहन संबंधी सेवाओं में विस्तार के लिए पूरे प्रदेश में 1000 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां परिवहन सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है।

# एनएमडीसी की ब्रांड एंबेसडर निकहत जरीन ने विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप-2023 में स्वर्णपदक जीता

**हैदराबाद, 28 मार्च।** एनएमडीसी की ब्रांड अम्बेसडर निखत जरीन लगातार दूसरे साल विश्व मुक्केबाजी में चैंपियन बनीं । रविवार को वियतनाम की गुयेन थी टैम को कड़े मुकाबले में हराकर निकहत जरीन ने स्वर्ण पदक जीता। 26 साल की उम्र में, वह आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महान मैरी कॉम के लगातार स्वर्ण पदक के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली एकमात्र भारतीय मुक्केबाज बन गई हैं।



श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) , एनएमडीसी ने कंपनी के ब्रांड एंबेसडर को उनके धैर्य और शक्ति के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। एनएमडीसी विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में निकहत जरीन की यात्रा पर करीब से नजर रख रहा था और उनकी जीत और विजयी उदगार को देखना गर्व का क्षण था। उनकी साहसिक गौरव यात्रा का हिस्सा बनना एनएमडीसी परिवार के लिए सम्मान की बात है।

मैच के बाद निकहत ज़रीन ने कहा, यह एक विशेष दिन है, दूसरा विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण, वह भी एक नए भार वर्ग में। एनएमडीसी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, मैं एनएमडीसी के निरंतर समर्थन के लिए उनकी बहुत आभारी हूं। अपने ब्रांड एंबेसडर की सराहना करते हुए एनएमडीसी ने कहा कि कंपनी को गर्व है कि उसका प्रतिनिधित्व किसी ऐसे व्यक्तित्व द्वारा किया जा रहा है जो देश को सम्मान दिलाने के लिए शक्ति और दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2022 राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता नए भारत की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं और एनएमडीसी हांग्जो में एशियाई खेलों और पेरिस में 2024 ओलंपिक के लिए उनकी यात्रा का समर्थन कर रहा है।

एनएमडीसी के लिए यह सप्ताहांत स्वप्निल उपलब्धि का था और यह एक संयोग ही था कि भारत की दिग्गज खनन कंपनी ने लगातार 40 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन को पार किया, जो सुश्री ज़रीन की निरंतर उपलब्धि की तरह था। 25 मार्च 2023 को, एनएमडीसी ने कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक एक दिन का उत्पादन- 2.34 लाख टन दर्ज किया। इस उपलब्धि पर कंपनी के निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती ने कहा, हम अपनी टीम की राष्ट्र सेवा की अटूट भावना पर सर्वाधिक गर्व का अनुभव करते हैं।

## समाचार संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री लखमा ने किया आश्रम भवन का लोकार्पण, निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**सुकमा 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने सुकमा प्रवास के दौरान छिन्दगढ़ विकासखण्ड के ग्राम लेदा पहुंचे। जहां उन्होंने आमजनों से रूबरू होकर कुशल क्षेम जाना और उनकी मांगों, शिकायातों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इसके उपरान्त ग्राम लेदा के सगुन घाट में निर्माणाधीन पुल, सड़क, सोसायटी, सीसी रोड़ निर्माण का जायजा लिया और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य को पूर्ण करने कहा। इसके उपरान्त कैबिनेट मंत्री श्री लखमा ने ग्राम पंचायत किंदरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने कर 50 सीटर बालक आश्रम का लोकार्पण किया।



### बस स्टैंड में लगाया साइबर जागरूकता बैनर



**सुकमा 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा में पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील शर्मा के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय किरण चह्वाण के मार्गदर्शन एवम् एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के दिशानिर्देश पर कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड में लगाया साइबर जागरूकता हेतु बैनर । लोगो को पर्चे बांटकर किया साइबर क्राइम से बचने हेतु जागरूक एक महीने के लिए चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान का तीन सप्ताह पूर्ण पुलिस के इस प्रयास से साइबर ठगी के मामले में आई भारी कमी पुलिस के द्वारा न सिर्फ लोगो को जागरूक किया जा रहा है बल्कि 10 अन्य लोगो को जागरूक करने हेतु सभी को समझाइश दी जा रही है ।

### सांस्कृतिक भवन एवं शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 मार्च।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री मोहन मंडावी की अनुशंसा पर सांसद निधि के अंतर्गत क्षेत्र विकास योजना के प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सांस्कृतिक भवन एवं शेड निर्माण के लिए 7 लाख 46 हजार 05 सौ रुपए स्वीकृत किया गया है। विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत साल्हे में रामसत्ता चौक के पास टीन शेड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार कांकेर के अलबेलापारा में डड़सेना कलार समाज भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख 46 हजार 05 सौ रुपए स्वीकृत किया गया है। इसके निर्माण एजेंसी संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बनाया गया है। चारामा विकासखंड अंतर्गत चारामा में रामसत्ता चौक के पास टीना शेड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है।

## आदिवासी हिंदू नहीं, बनना चाहिए अलग धर्म कोड

# मंत्री कवासी लखमा के बयान पर मचा सियासी बवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 28 मार्च।** छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री और आदिवासी नेता कवासी लखमा के बयान पर एक बार फिर सियासी बवाल मचा हुआ है और बीजेपी ने सीधे-सीधे भूपेश सरकार पर इस बयान को लेकर छत्तीसगढ़ में हिंदू धर्म को बांटने के लिए रणनीति तैयार करने का आरोप लगाया है, शनिवार को हुए आदिवासी अनुसूचित जनजाति सम्मेलन में आदिवासी नेता और आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बयान देते हुए कहा था कि आदिवासी हिंदू नहीं है.

उनके लिए अलग से धर्म कोड बनना चाहिए और इसके लिए आने वाले 20 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से आदिवासी समाज मुलाकात कर आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड बनाने की मांग करेगा. इस बयान को लेकर बीजेपी ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार हिंदुओं को बांटने की रणनीति तैयार कर रही है. इस वजह से केबिनेट मंत्री इस तरह का बयान दे रहे हैं.



दरअसल इससे पहले भी कवासी लखमा ने बस्तर में धर्मांतरण को लेकर उपजे विवाद के बाद कहा था बस्तर के आदिवासी हिंदू नहीं हैं, बल्कि उनका खुद एक धर्म है, इस बयान के बाद बीजेपी के साथ-साथ कई धर्म गुरुओं ने इसका खंडन करते हुए कवासी लखमा पर पलटवार किया था, लेकिन इसके बावजूद कवासी लखमा बार-बार आदिवासियों को हिंदू नहीं बताते हुए इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं. शनिवार को भी रायपुर में आयोजित अनुसूचित जनजाति के आदिवासी सम्मेलन में अपने संबोधन में कवासी लखमा ने कहा कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं.

उन्होंने कहा कि जिस तरह जैन, बौद्ध आदि धर्म के लिए अलग कोड बना है. उसी तरह आदिवासियों का भी धर्म कोड होना जरूरी है. उन्होंने कहा कि जल,जंगल, जमीन और प्रकृति के बीच रहने वाले आदिवासियों की अपनी अलग पहचान है ,ऐसे में वह हिंदू कैसे हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात करेगा और उनसे आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड बनाने की मांग करेगा.

इधर इस बयान के बाद बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने मंत्री लखमा और कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में भूपेश सरकार हिंदू बांटो एजेंडे को लेकर काम कर रही है, कवासी लखमा का बयान हिंदुत्व की व्यापक अवधारणा को नकारने की शर्मनाक राजनीति व्यवस्था का परिचायक है.

उन्होंने आरोप लगाया है कि बस्तर में आदिवासियों का मंतान्तरण कराया जा रहा है, और मूल धर्म के आदिवासियों पर हमले कराए जा रहे हैं, जिस तरह से मंत्री होकर इस तरह लखमा ने हिंदुत्व को लेकर जो बयान दिया है. वह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है, कुल मिलाकर भूपेश सरकार प्रदेश में हिंदुओं को बांटने में तुली हुई है, साथ ही धर्मांतरण को भी बढ़ावा दे रही है, लेकिन बीजेपी भूपेश सरकार के इस रणनीति में उन्हें कामयाब नहीं होने देगी.

इधर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष और बीजेपी के पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेंम का कहना है कि आदिवासी हिंदू हैं और हमेशा हिंदू रहेंगे. जिस तरह से मंत्री कवासी लखमा इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं वह सरासर गलत है. मंत्री कवासी लखमा खुद एक आदिवासी हिंदू है और अपने आप को हिंदू नहीं बता रहे हैं।

एक नजर

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने लिखित में की शिकायत



**महासमुंद, 28 मार्च।** वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी की सदस्यता जाने पर राहुल गांधी के समर्थन में भाजपा का विरोध कर रहे कॉग्रेस जनों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र में कालिख लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जिससे लोगो की भावनाओं को ठेस पहुँचा है। देश के प्रधानमंत्री के चित्र में कालिख लगाना उन मतदाताओं का अपमान है जिन्होंने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है ऐसे में यह लोकतंत्र के मुंह पर कालिख पोतने के बराबर है। कोंग्रेस नेताओं को आमजन मानस की भावनाओं से कोई सरोकार नही है विपक्षी पार्टियों को विरोध करने का और अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है किंतु कॉग्रेसी नेताओं में इतनी समझ और शिष्टाचार अवश्य होनी चाहिए प्रधानमंत्री किसी पार्टी का नही वो पूरे भारत देश के प्रधानमंत्री है। लिखित शिकायत पत्र में कॉग्रेस जिला अध्यक्ष व अन्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुवे भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली प्रभारी को पत्र सौंपा इस दौरान भाजपा शहर मण्डल महामंत्री द्वय प्रकाश शर्मा,एमआर विश्वनाथन,जनपद सदस्य दिग्विजय साहू,रमेश साहू, मोहन साहू,भाजयुमो जिला महामंत्री दिनेश रूपरेला,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष,आनंद साहू,जितेंद्र साहू,भरत,खत्री,विक्की गुरुदत्ता, गोपी कन्नौजे,नंदू जलक्षत्री, यशवंत साहू अमित साहू, अमन वर्मा,कादर राजपूत,जतिन रूपरेला,वासु शर्मा,ज्वाला मार्कण्डेय व भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोसलनार सैंड्रा पामेड़ जैसे क्षेत्रों में किया मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन

**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला चिकित्सालय बीजापुर में नेत्रसहायक अधिकारियों द्वारा अतिसंवेदनशील क्षेत्र से मोतियाबिंद मरीजों का सर्वे करके जिला चिकित्सालय लाकर मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया जा रहा है अब तक अप्रैल 2022 से आज पर्यन्त तक 914 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कराया जा चुका है बीजापुर जिले का लक्ष्य 1000 ऑपरेशन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें 914 मरीजों को उपलब्धि है बीजापुर में नेत्र चिकित्सक एवं नेत्र सहायक अधिकारी मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं अंधत्व का सबसे बड़ा कारण मोतियाबिंद है जिसकी जानकारी के अभाव से मरीजों की रोशनी चली जाती है ग्लूकोमा सप्ताह 12 मार्च से 18 मार्च तक कुल 72 मरीजों का ऑपरेशन किया गया।

आबिद ढेबर और रितिक सिन्हा के नेतृत्व में हुआ जमकर प्रदर्शन

# कांग्रेसियों ने काला वस्त्र धारण कर, नगाड़ा बजाकर, भाजपा नेताओं का पुतला फूंका

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 28 मार्च।** राहुल गांधी के संसद की सदस्यता समाप्त करने को लेकर कांग्रेसी इन दिनों सड़कों पर जम कर आन्दोलन कर रहे हैं भारी आक्रोश के बीच आंदोलन लगातार बढ़ता जा रहा है उनका कहना है कि भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारों पर उनकी सदस्यता समाप्त की गई है ।उनका यह भी कहना है कि राहुल गांधी ने अडानी पर जब सवाल उठाए तो मोदी को यह बात रास नहीं आई बीते 3 दिनों से लगातार कांग्रेसियों में आक्रोश देखा जा रहा है इसी कड़ी में आज कांग्रेसियों ने काला वस्त्र धारण करके नगर के गलियों में नगाड़ा बजा कर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के सदस्यता को कम खत्म करने के विरोध में आज जमकर आंदोलन किया तथा बाजार चौक बस स्टैंड एवं तिरंगा चौक में भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेंद्र मोदी अमित शाह एवं जे पी नड्डा का पुतला फूंका और केंद्र शासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए कहा संसद के भाषण मे भी राहुल गांधी के अपना पक्ष रखने के समय भी स्पीकर को बंद करने की बात कांग्रेस जनो ने कही है आज कांग्रेसी इस मुद्दे को लेकर व्यापक रूप से नाराज हो गरियाबंद की सड़कों काला कपड़ा पहन नगाड़ा बजाते हुए पर रैली के रूप में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी महिला एवं पुरुष नजर आये । बस स्टैंड बाजार चौक में एवं तिरंगा चौक में भाजपा के नेताओं का पुतला दहन कर चक्का जाम किया इस अवसर पर लगातार पुलिस और कांग्रेसियों में झड़पें भी होती रही ।आज इस आंदोलन का नेतृत्व आबादी ढेबर ,रितिक सिन्हा करते रहा । कांग्रेसी काफी आक्रोश में नजर आए इस अवसर पर जब आबादी ढेबर से चर्चा किया गया तो उनका कहना था कि हमारे नेता राहुल गांधी ने सिर्फ़ अडानी के मुद्दे को लेकर जब उन्होंने संसद पर सवाल उठाए तो मोदी जी बुरा मान गये आखिर अडानी से मोदी जी का सम्बंध क्या है इसी के चलते राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है पहले संसद में उनके भाषणों पर माइक बन्द कर दिया जाता है फिर उनके सदस्यता समाप्त कर दी गई और अब नए सिरे से उन्हें मकान खाली करने का नोटिस भी दिया जा रहा है यह इस बात का इशारा है सीधे तौर पर कि मोदी जी और उनके चाहने वाले नहीं चाहते कि अडानी पर किसी भी किस्म का सवाल पूछा जाए आज लोकतंत्र खतरे में है और इस लोकतंत्र को बचाने के लिए सबको मिल कर लडने की जरूरत है आज लोकतंत्र खतरे में है और लोकतंत्र पर विश्वास रखने वाले कांग्रेसी व अन्य सभी लोगों को सामने आकर इसका विरोध करना चाहिए धरना आंदोलन में प्रमुख रूप सेपूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आबिद ढेबर , पार्षद रितिक सिन्हा, अमित मिरी अवनीश तिवारी , सफीक खान , निरंजन प्रधान , मनीष ध्रुव अहसन मेमन , अनीश मेमन, प्रीतम बंजारे , राहुल गिरी , लोकेश सिन्हा, भोला सिन्हा, राजू निषाद, धनंजय नेताम, संदीप राजपुत, गुलाम खान, अनिल, अकरम रजा , मुजाहिद अंसारी, पुनीत नेताम , चीनू , यशयंत सिन्हा, वारिस वारसी शामिल रहे।

## प्रभारी तहसीलदार राजिम को हटाने अधिवक्ताओं की हड़ताल का किया समर्थन

# किसानों ने घेरा एसडीएम कार्यालय,बंद मुख्य गेट खोलकर किया प्रवेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 28 मार्च।** राजिम तहसीलदार को हटाने अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी के द्वारा सोमवार को एस डी एम कार्यालय का घेराव किया गया घेराव करने आये लोगों में शासन प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया कैसे जिला प्रशासन द्वारा एक अधिकारी को बचाया जा रहा है आखिर तहसीलदार को क्यों नहीं हटाया जा रहा है क्या मजबूरी है जनता को साइड कर अधिकारी को सपोर्ट करना पड़ रहा है

कार्यालय राजिम में पदस्थ तहसीलदार पेखन टोण्डरे अपने पद का गुमान करते हुए किसानों व आम फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करता है उनके प्रकरणों पर सुनवाई करने के बजाय उनको गुमराह करके रखता है। अधिवक्ता फरियादियों की आवाज बनकर अधिकारी के सामने रखता है लेकिन उन्हें भी नहीं सुना जाता है। जिससे क्षुब्ध होकर अधिवक्ता संघ राजिम द्वारा तहसीलदार को अन्यत्र स्थांनांतरित करने की मांग को लेकर 22 फरवरी 2023 से अनिश्चितकालीन धरना एवं 20 मार्च 2023 से क्रमिक भूख हड़ताल किया जा रहा है। जिसका किसान संगठन पीड़ित किसानों की ओर से समर्थन कर रहे हैं और दिनांक 24/03/2023 को 15 किसान क्रमिक भूख हड़ताल कर सम्मिलित रहे।

हड़ताल की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर किसान अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी के नेतृत्व में 27 मार्च 2023 दिन सोमवार को दोपहर 01 बजे राजिम मंडी से रैली निकालकर राजिम तहसीलदार के विरुध्द एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस बीच पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य गेट को ताला लगाकर बड़ी मुश्तैदी से रोकने का प्रयास किया परंतु किसानों की भीड़ ने गेट खोलकर एसडीएम कार्यालय पहुंच गए जहाँ एसडीएम पूजा बंसल को ज्ञापन सौंप कर प्रभारी तहसीलदार राजिम को हटाने की मांग की। ज्ञापन में कहा है कि जो अधिकारी लोक सेवक के पद पर होते हुए जनता को न सुने उनके साथ अथवा उनके अधिवक्ताओं के साथ अपने पद का गुमान करते हुए दुर्व्यवहार करे यह कदापि उचित नहीं है। अधिकारी, अधिवक्ता किसान अथवा फरियादी न्यायालीन व्यवस्था में एक तरह से परिवार का एक हिस्सा होता है जिसका वह अधिकारी मुखिया होता है जिसे लोक हित में अपने कर्तव्यों का पालन करना है परंतु जब लोक सेवक ही अपने कर्तव्य पालन करने में असमर्थ हो तो उनसे किसानों/फरियादियों को न्याय मिलने का उम्मीद समाप्त हो जाता है। किसानों ने अनुरोध किया है कि आप प्रभारी तहसीलदार से वरिष्ठ पद पर पदस्थ हैं हमें उम्मीद है कि आप लोक सेवक होने के अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रभारी तहसीलदार राजिम श्री पेखन टोन्डरे को अतिशीघ्र स्थांनांतरित करने का कष्ट करेंगे। अगर नही हो पाता है तब हम यही मानेंगे कि जैसा व्यवहार प्रभारी तहसीलदार द्वारा हमारे साथ किया जा रहा है वैसे ही आप का हैं। घेराव कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव तेजराम विद्रोही, जनता कांग्रेस जोगी के सदस्य हरीश साहू, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सदस्यगण उत्तम कुमार, ललित कुमार, मनोज कुमार, हेमंत कुमार टंडन, भारत साहू, लखबीर सिंह, श्रीमती सीता बाई, छक्कन सेन, गनेशिया ध्रुव, त्रिवेणी ध्रुव, सोनकुर ध्रुव, जहुर राम, पवन कुमार, जुम्मन ध्रुव, शेखुराम, आदेश ध्रुव, मोतीराम, मदनलाल, परमेश्वर, नीलम, तिजराम, सोमन यादव, आनंद ध्रुव, मधुसूदन, लीलेश साहू, रामजी साहू आदि उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की सांसदी जाने को.लेकर संसद घेराव किया



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जंतर मंतर दिल्ली में केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार के खिलाफ में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित संसद भवन घेराव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़? युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी भी पहुंचे दिल्ली जमकर प्रदर्शन किए ,और केंद्र की तानाशाही सरकार के प्रति हल्ला बोलते हुए उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार केवल देश से बेचने का काम कर रही है। कारम जी ने मीडिया से कहा, इस दौरान दिल्ली में प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव वा विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम जी ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमलु सोढ़ी, राजू गटपल्ली, हीरापुर सरपंच महेश मोडियाम, रतन कश्यप, मिचचा समैया, सियाराम समर्थ एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### हत्या की घटना में शामिल 1 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 25-03-2023 को थाना पामेड़, कोबरा 204 एवं केरिपु 151 बटालियन की संयुक्त टीम ग्राम धरमारम व सापेड़ की ओर गस्त सर्चिंग पर निकली थी ।अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर अपनी उपस्थिति छुपाते हुये भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ः-1- बन्डी पोडियामी पिता स्व. हिड़मा , उम्र 32 वर्ष, साकिन सापेड़ थाना पामेड़ जिला बीजापुर का निवासी होना बताते हुये वर्तमान में डी0के0एम0एस0 सदस्य के पद पर नक्सल संगठन में कार्य करना बताया । पूछताछ दौरान थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 27-04-2019 को तोंगगुड़ा कैम्प व तोंगुड़ा बस्ती के मध्य आर0 क्र0 1350 अरविंद मिंज व सहायक आरक्षक क्रमांक 180 पर फायरिंग कर हत्या करने की घटना में शामिल होने एवं पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना पामेड़ में 02 स्थाई वारंट लंबित होने से थाना पामेड़ में विधिवत कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।



### मनरेगा मजदूरों के लिए खुशखबरी

**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्र सरकार ने 2023-24 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है। 1 अप्रैल से महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को 221 रुपए मजदूरी प्राप्त होगी। यह राशि आधार आधारित सक्षम प्रणाली के आधार पर मजदूरों को सीधे उनके आधार लिंक बैंक एकाउंट में प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ को मजदूरी 221 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगीढ्ढ केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने 24 मार्च को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया हैढ्ढ 1अप्रैल से ही मनरेगा मजदूरी भुगतान आधार आधारित होने के कारण यह सीधे भारत सरकार से मजदूरों की मुट्ठी में आएगी अर्थात मजदूरी की राशि सीधे आधार लिंक बैंक खाते में आएगी जिसे प्राप्त करने श्रमिको को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।



### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में ममता, सुहासनी ने दिखाया अपना जौहर



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** बीजापुर की बेटियों ने तीरंदाजी ने अपना जौहर दिखाया एक दिवसीय 10 का दम खेलों इंडिया प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित हुआ। जहां खेलों इंडिया लघु केन्द्र बीजापुर स्पोर्टस एकेडमी से अंडर-14 के 4 खिलाडी भाग लिए जिसमें कुमारी ममता कोरसा ने स्वर्ण पदक एवं कुमारी सुहासनि गोटे ने रजत पदक लाकर जिला का नाम रौशन किया, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, जिला खेल अधिकारी श्री फागेश सिन्हा एवं कोच श्री दुर्गेश प्रताप सिंह ने विजेता खिलाडियों को बधाई एवं शुभकानाएं दी।

## मंत्री उमेश पटेल के हाथों मिला प्रथम पुरस्कार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,28 मार्च।** अजीत सिंह नगर में आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सियाराम सखा मंडल एवं एम.एस. इलेवन भाई-भाई टीम के बीच उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में खेला गया। जिसमे एम.एस. इलेवन भाई-भाई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। विजेता टीम को कैबिनेट मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया तथा नेशनल चेस प्लेयर जेश केशरवानी द्वारा सभी 64 टीमो को सांत्वना पुरस्कार उत्साहवर्धन हेतु दिया गया।

विजेता टीम के सज्जू खान ने बताया कि भाई-भाई टीम के मैच जितते ही पूरे मैदान में जोश एवं उत्साह का माहोल छा गया एवं खिलाड़ियों ने नाच-गाना एवं आतिशबाजी कर अपनी जीत की खुशी जाहिर की। एम.एस. इलेवन भाई-भाई टीम के सज्जू खान, महावीर सोनी, दीदार अली, विन्नी सलूजा, बाबू, कमलेश, जिगर शहबाज, इम्तियाज अली, विराज सोनी, सचिन मिश्रा, ओमप्रकाश, राजा, गोरखा, कपिल, रवि, अनिल, दीपक, आनंद, सचिन, ओमप्रकाश, राजा, अभिजीत, अभिषेक एवं सहयोगियों को मंत्री उमेश पटेल ने जीत की बधाई दी तथा आयोजन समिति को सफल टूर्नामेंट की शुभकामनाएं दी।

## मांगे पूरी नहीं की तो होगा उग्र आंदोलन: नवल राठिया



### वनांचल मजदूर बघवा संघ ने छाल खदान के उपक्षेत्रीय प्रबंधक को दिया ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 28 मार्च।** छाल खदान में एसईसीएल के द्वारा नियोजित ठेका कंपनी के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार नही दे कर और बाहर से मजदूर ड्राइवर बुला कर भर्ती करने एवं पावर कमेटी के डर से भुगतान न करने व स्थानीयों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। जिसके विरोध में युवा क्रान्ति सेना छाल के संचालक व वनांचल मजदूर बघवा संघ के अध्यक्ष नवल राठिया ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ी युवाओ को रोजगार न देकर बिहार झारखंड से ड्राइवर बुला कर नौसिखियों को ड्यूटी दे दिया जा रहा। जबकि हमारे छत्तीसगढ़ में अनुभवी ड्राइवरों व मजदूरों की कमी नही। मगर कम्पनी द्वारा किया गया यह कृत्य उनको महंगा पड़ेगा। स्थानीय जाग चुके हैं यदि कंपनी में हमारी मांगों को अप्रैल माह से लागू नही किया गया तो हम उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे और चाहे जेल जाना पड़े लड़ाई आखरी दम तक लड़ेंगे। इसीलिए आज दिनांक 27 मार्च को छाल क्षेत्र के भु-विस्थापितों के साथ युवा क्रान्ति सेना छाल के वनांचल मजदूर बघवा संघ व्ही.एम.बी.एस. ने एसईसीएल उपक्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौपा है। जहां प्रबंधन के पर्सनल मैनेजर श्री जांगड़े ने कहा की 3 मार्च को आप सभी और कम्पनी का बैठक कराया जाएगा जिसमे ये सभी बातें रखी जायेगी। आदिवासी नेता नवल राठिया ने बताया यदि जल्द ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हम युवा क्रान्ति सेना एवं वनांचल मजदूर बघवा संघ व क्षेत्रवासियों के साथ मिल कर एसईसीएल एवं ठेका कम्पनी के विरुद्ध अनिश्चितकालीन काम रोको आंदोलन करेंगे।

# कबाड़ियों की निगाहें सड़कों पर लगे लोहे के सांकेतिक बोर्ड पर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,28 मार्च।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाए गए सड़कों का हाल पूरे जिले में बद से बदतर स्थिति में है साल भर तो साल भर बनाए हुए सड़के कुछ माह भी नहीं टीक पा रहे हैं और उखड़ने लगे हैं साथ ही उसमें लगे सांकेतिक बोर्ड भी धीरे-धीरे चोरी होने लगे हैं ऐसा ही एक नजारा पांडुका अंचल के ग्राम पंचायत गाड़ाघाट और खट्टी के बीच बने सड़क पर देखने को मिले लगभग आधा दर्जन से अधिक संकेतिक बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया गया है और वह खेतों में लावारिस हालत में पड़े हैं और देखते ही देखते वह गायब हो जाएगा एक बार सड़क बनने के बाद विभाग के इंजीनियर ,एसडीओ और अभियंता सहित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ठेकेदारों के भरोसे सड़कों को छोड़कर नदारद हो जाते हैं और कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे होते हैं। तो वही ठेकेदार भी खानापूर्ति के लिए सड़क मेंटेनेंस का कार्य में भारी गड़बड़ी करते है । सड़कों में साइड सोल्डर को ध्यान नहीं देते और मुरूम के जगह मिट्टी डालकर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर लेते हैं फिगेंश्वर और छुरा विकासखण्ड में सड़कों की यही हालत है जगह-जगह गड्ढे और डामर उखड़ने लगे हैं जिम्मेदारों ने तो पूरी तरह आंखें मूंद ली है और फोन लगाने के बाद कोई फोन रिसीव नहीं करते ऐसे में सड़कों का हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं और जगह-जगह लगे सांकेतिक बोर्ड को भी असामाजिक तत्व उसे गिरा देते हैं और रात के अंधेरे में चोरी कर लेते हैं । इन दिनों कबाड़ी रात के अंधेरे में चोरी करने के फिराक में सांकेतिक बोर्डो को भी नहीं छोड़ रहे हैं ।इन सांकेतिक बोर्ड के कारण ही राहगीरों को आने जाने में जानकारी और सुविधा होती है खासकर सड़क पर मोड हो और वहां सांकेतिक बोर्ड ना हो तो बड़ी दुर्घटना हो जाती है पर खट्टी ,गाड़ाघाट के बीच में आधा दर्जन से ज्यादा संकेतिक बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया गया है ।जो खेतो में पड़े विभाग के निर्माण कार्यों की शोभा बढ़ा रहे है । अब देखना होगा कि जिम्मेदार कितने अपने कर्तव्य को पूरा कर पाते या फिर हमेशा की तरह विभाग के उदासीन रवैए की वजह से आम नागरिकों वा राहगीरों को नुकसान उठाना पड़ेगा ।इस मार्ग को चौड़ीकरण करने पिछले 5 सालों से लोगों के द्वारा किया जा रहा है फिर भी न ही विभाग इस ओर ध्यान दें रहे हैं और न ही शासन प्रशासन गरियाबंद जिले जब से अलग होकर अस्तित्व में आया है तब से लेकर कुंडेलभाठा में जिले का एकलौता धान संग्रहण केन्द्र होने के चलते कुंडेल से मडवाडीह सड़क मार्ग पर भारी ट्रैफिक दबाव के चलते एवं रोड़ सिंगल होने के चलते सामने और पिछे से आने जाने वाले राहगीरों को साईड देने में भंयाकर समस्या होती है आये दिन लगातार कुछ न कुछ अनहोनी होता रहता है जिससे चालकों और राहगीरों के बीच हमेशा वाद विवाद होते रहते है लोगों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इस मार्ग को चौड़ीकरण किया जाए कुंडेल से मडवाडीह सड़क मार्ग रिपेयरिंग नहीं होने से जगह जगह गड्ढे पड़ गये है पिछले समय नाममात्र दिखावे के लिए खानापूर्ति जरुर किए थे जहां गड्ढे हुए थे उसमें बगर किसी भी प्रकार से बिना खुदाई बिना बीएमडब्ल्यू के ऊपर डामर युक्त बजरी डालकर खानापूर्ति करने से ब्रेकर जैसे अपर डिपर हो गये है जबकि सड़कों पर हुए गड्ढे को लेवल मेंटेनेंस के साथ रिपेयरिंग करना था पर ऐसे नहीं होने से रात के समय आने जाने वाले राहगीरों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है

# बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले,यह हम सबकी जिम्मेदारी: संसदीय सचिव

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय महासमुंद के शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण जागरूकता सह महिला जागृति शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद चंद्राकर ने शंकराचार्य भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष नगर पालिका राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, महिला आयोग की सदस्य अनिता रावटे, महिला नागरिक बैंक के अरूण शुक्ला सहित सेक्टर सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक चंद्राकर ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म अदा कर पोषण पेटी प्रदान की गई।संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने कहा कि सभी बच्चों को पहली शिक्षा और संस्कार माताओं से ही मिलती है। कुपोषण रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को गर्म पौष्टिक भोजन इस योजना में दिया जा रहा है। साथ ही कमार जाति के हितग्राहियों को सप्ताह में दो दिन उबला अंडा दिया जा रहा है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बच्चों, महिलाओं को सही पोषण मिले इसमें हम सबकी जिम्मेदारी भी है। महिलाएं सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य सरकार महिलाओं के हितों और उनके जीविकोपार्जन में लगातार कार्य रहे हैं।उन्होंने इस दिशा में ज़िला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने लोगों से पोषण जागरूकता अभियान में जुड़ने व भाग लेने का आह्वान किया। संसदीय सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अन्तर्गत दिए जा रहे गर्म पौष्टिक भोजन की बदौलत शुरूआत से अब तक सैकड़ों बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को समुदाय की सहभागिता से बाल मित्रों द्वारा गोद लेने का कार्य भी किया जा रहा है, जो सराहनीय है। राज्य महिला आयोग की सदस्य अनिता रावटे ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति अब आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। मां बच्चां को आगे बढ़ाने में महत्व रखती हैं। उसी प्रकार स्त्री पूरे समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। सभी को धन्यवाद किया। इस दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाओं

### शहीद विजय यादव को दी गई श्रद्धांजलि एवं सलामी

**बीजापुर 28 मार्च ।** भैरमगढ़ के तिमेनार में सर्चिंग के दौरान सीएएफ के सहायक प्लाटून कमांडर श्री विजय यादव आईईडी के चपेट में आने से शहीद हो गए। शहीद विजय यादव को भैरमगढ़ थाने में भावभीनी श्रद्धांजलि एवं सलामी दी गई।

शहीद के पार्थिव शरीर को शव वाहन से जगदलपुर ले जाया गया। जगदलपुर से हेलिकाप्टर के माध्यम से उनके गृहग्राम उत्तरप्रदेश ले जाया जाएगा।

## एक नजर

### लापरवाह चालकों पर यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

बलौदाबाजार, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन मे 26 मार्च को यातायात प्रभारी नरेश कांगे एवं स्टाफद्वारा, उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना। आगामी दिनाक को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से माल वाहन यानो पर सवारी ढोने वाले चालको, एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढग से वाहन चलाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा। 26 मार्च को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के उपर कार्यवाही किया गया जिसमें तीन सवारी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर वसूला गया 9900 रुपए का जुर्माना, बिना हेलमेट चालको पर कार्यवाही कर वसूला गया 3000 जुर्माना।, बिना सीट बेल्ट कार चालकों से वसूला गया 3500 रुपए का जुर्माना , मौके पर कागजात पेश न करने वाले चालकों पर कार्यवाही वसूला गया 2400 जुर्माना।, दुपहिया मे तीन सवारी बिठाना 33 प्रकरण 9900 समन शुल्क। बिना हेलमेट वाहन चलाना 06 प्रकरण 3000 समन शुल्क। बिना सीट बेल्ट वहां चलाना 07 प्रकरण 3500 समन शुल्क, बिना नंबर वाहन चलाना 01 प्रकरण 300 समन शुल्क। यातायात पुलिस द्वारा कुल 60 प्रकरण मे 20600 समन शुल्क लिया गया है।

### फर्जी डिग्री से निजी अस्पताल में डॉक्टरी कर रहा था युवक, गिरफ्तार



कसडोल, 27 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर पंचायत में डॉक्टर की फर्जी डिग्री दिखाकर निजी अस्पताल में काम करने वाले आरोपी को कसडोल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह आरोपी अपने आपको एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर (निश्चेतक चिकित्सक) बतला कर एक निजी अस्पताल में काम कर रहा था। मामले का पता चलने के बाद निजी अस्पताल के डायरेक्टर ने कसडोल थाने में इसकी शिकायत की, जिसके बाद आरोपी श्याम कोसले पिता लैनूराम कोसले, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बंगोली थाना कुरुद जिला धमतरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अपने आपको गौरी श्याम नंदा बतला कर कसडोल के एक निजी अस्पताल में एनेस्थेटिस्ट का काम करता था। पहले भी कई निजी अस्पतालों में काम कर चुका है जिसमें बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, राजिम और रायपुर के अस्पतालों का भी नाम शामिल है। आरोपी के खिलाफतीन बार अलग-अलग थानों में शिकायत की जा चुकी जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया।



तिल्दा-नेवरा, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार विधानसभा के नगर पालिका तिल्दा नेवरा में सतनाम समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब का जन्मदिन नगर पालिका भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र रवि वर्मा सहित अनेक समर्थक उपस्थित हुए एवम साल और श्रीफल भेंट कर जन्मदिन शुभकामनाएं प्रेषित की है।

एक दशक से अंधेरे में रहने वाले दरलीपारा के आदिवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लगाई गुहार

# आज भी आदिवासी वर्ग के 40 लोग अंधेरे में जीवन जीने को है मजबूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



देवभोग, 28 मार्च। हमें भी उजाले में रहने का अधिकार है, सूरज ढलते ही अँधेरे के बीच हम कैद हो जाते है। लकड़ी की लौ या मोबाइल टॉर्च के बीच भोजन बनाकर जीने को मजबूर है दरलीपारा के 40 आदिवासी वर्ग के लोग। आजाद भारत में देवभोग ब्लॉक के नक्शे में एक पारा ऐसा भी है जहाँ के लोग पिछले दस साल से अँधेरे में जीवन जीने को मजबूर है। सरकारें बदल गई लेकिन रात के अँधेरे को दूर करने में किसी ने रूचि नहीं दिखाई। हम बात कर रहे है कुम्हड़ई खुर्द पंचायत के आश्रित ग्राम दरलीपारा की। यहां के बाशिंदे आज 10 साल से बिजली के इंतज़ार में है। यहां रहने वाले आदिवासी वर्ग के 40 ग्रामीण अँधेरे में रात काटने को मजबूर है। दरलीपारा के गोविन्द सोरी, अकालू सोरी, खेमसिंग सोरी और सेवकराम सोरी ने बताया कि चार साल पहले बिजली विभाग ने सर्वे भी करवाया। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सर्वे के बाद उन्हें बिजली मिल जायेगी और रात के अँधेरे से भी उन्हें मुक्ति मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सर्वे तो हुआ लेकिन नतीजा कहाँ तक पहुंचा इसकी जानकारी भी ग्रामीणों को आज तक नहीं मिल पाया। वहीं जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने अधिकारी वर्ग के कार्यप्रणाली को भी सवालों के घेरे पर लेना शुरू कर दिया है।

मामले में विभाग के एई यशवंत ध्रुव ने बताया कि उस गॉव की जानकारी हमारे पास भी है। लाइन की स्वीकृति के लिए उच्च कार्यालय को फाइल भेजा गया है। जैसे ही स्वीकृति मिल जायेगी काम शुरू कर दिया जायेगा।

### टॉर्च और लकड़ी जलाकर करते हैं रौशनी

दरलीपारा के गोविन्द सोरी ने बताया कि ग्रामीणों को आज चार महीने से मिट्टी तेल नहीं मिल रहा है। मिट्टी तेल नहीं मिलने से परेशानी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में रात के अँधेरे को दूर करने के लिए वे मोबाइल टॉर्च या फिर लकड़ी के लौ का सहारा लेते है। दुर्योधन की माने तो सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती है। उस दौरान गिली लकड़ियां भी नहीं जलती और मोबाइल का बैटरी लो होने पर पारा से निकलना मुश्किल हो जाता है। गोविन्द ने बताया कि उन्हें मजबूरीवश मोबाइल चार्ज करने के लिए आधा किलोमीटर की दूरी तय कर बिसीपारा आना पड़ता है। यहां के लोग भी कई बार मोबाइल चार्ज करने के लिए मना कर देते है, जिसके बाद मजबूरीवश पंचायत मुख्यालय कुम्हड़ई खुर्द जाकर उन्हें मोबाइल चार्ज करना पड़ता है।

# मरकाम ने किया बम्लेश्वरी माता के दर्शन

## आमजनों के साथ काउंटर में लाइन लगकर लिया रोप-वे टिकट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 28 मार्च। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजनांदगांव जिले के दो दिवसीय प्रवास के प्रथम दिन डोंगरगढ़ पंहुच कर ऊपर व नीचे बम्लेश्वरी माता का दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए पूजा अर्चना किये। पीसीसी अध्यक्ष मंदिर जाने हेतु हमेशा सीढियों का उपयोग ही करते रहे हैं परन्तु जिले में दो दिवसीय प्रवास में व्यस्त कार्यक्रमों के चलते आज उन्होंने रोपवे से जाने का निर्णय लिया।

इस दौरान ट्रस्ट समिति के उपस्थित ट्रस्टियों द्वारा सीधे रोपवे में चलने का आग्रह करने पर भी सरलता और सादगी के साथ पीसीसी चीफने आम दर्शनार्थियों के साथ लाईन लग रोप-वे टिकट प्राप्त किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई व डॉ थानेश्वर पटिला, ब्लॉक अध्यक्ष गण संजीव गोमास्ता, कोमल साहू सुरेश सिन्हा, राजगामी संपदा अध्यक्ष विवेक वासनिक, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव, मंत्री महेन्द्र परिहार, ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, मोतीलाल साहू, कमलजीत पिंटू, संध्या देशपांडे, प्रदीप शर्मा, नलिनी मेश्राम, हर्षिता स्वामी, अनिल मेश्राम, रिम्मी भाटिया, हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, मेहुल मारू, ममता शिंदे, जितेंद्र भाटिया, किरण मेश्राम, प्रकाश ठाकुर, फिरंगी पटेल, रूपचंद खोबरागड़े, बिपत साहू, रामजी तराने, शिव निषाद, मयूर हथेल, नरेश करसे, रोशनी सिन्हा सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### सचिवों की हड़ताल से पंचायतों में थमा काम

सिमगा, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम पंचायत के सचिव काम बंद कलम बंद कर पिछले 12 दिनों से हड़ताल पर बैठे हुए हैं इस वजह से इन गावा बलौदा बाजार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में काम थम गया है। बता दें कि शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग पर पंचायत सचिव हड़ताल कर रहे हैं इससे नरवा गरवा घुरवा बाड़ी मनरेगा जन्म मृत्यु पंजीयन राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास पेंशन पेयजल व्यवस्था शौचालय निर्माण वन अधिकारी पट्टा वितरण व आदि निर्माण कार्य समेत शासन की महत्वकांक्षी योजनाएं नरवा गरवा घुरवा बाड़ी तब पड़ गई है वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने से लेखा-जोखा कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है सचिवों का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट में ग्राम पंचायत सचिवों के शासकीय करण को लेकर प्रावधान नहीं होने से प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आवाहन 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है बलोदा बाजार जिला अध्यक्ष कामता साहू ने बताया कि पंचायत सचिवों की हड़ताल 12 दिनों से लगातार जारी है सचिवों की हड़ताल को बलोदा बाजार जिला के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने समर्थन दिया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



डोंगरगढ़, 28 मार्च। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही पूर्ण निर्णय लेते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा से समाप्त किये जाने के खिलाफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने आजाद चौक गोल बाजार में सत्याग्रह कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक भुनेश्वर बघेल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा समाप्त किए जाने के निर्णय को भारत के लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अडानी मामले से आम जनता का ध्यान भटकाने ऐसा कर रही है। देश के नागरिक मोदी सरकार की सच्चाई जान गयी है आम जनता मोदी सरकार से त्रस्त और परेशान है। इस दौरान विधायक भुनेश्वर बघेल पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संजीव गोमास्ता व? सुरेश सिन्हा नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम धीरज मेश्राम संध्या देशपांडे नलिनी मेश्राम संजय श्रीवास्तव अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरीश भंडारी शिशुपाल भारती रूपचंद खोबरागडे ममता शिंदे किरण मेश्राम, भारत भूषण मेश्राम जितेंद्र भाटिया प्रमोद टैंभूर्णीकर रवि तिवारी अजय अग्रवाल नरेश करसे मतीन खान किशन अग्रवाल लखन पाटकर अकिल कुरैशी रेखा खोबरागडे दशरथ सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### बूथ सशक्तिकरण के लिए मुंगेली में प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने ली बैठक



कसडोल, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भरतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के तहत मुंगेली जिला सह प्रभारी व प्रदेश मंत्री भाजपा श्याम बाई साहू के उपस्थिति में विधानसभा मुंगेली के सेतगंगा मंडल अंतर्गत शक्तिकेन्द्र छटन के बूथ क्र. 46 दाबो व शक्तिकेन्द्र के बूथ क्र.07 पंडोतर में बैठक सम्पन्न हुआ। साथ ही अशोक साहू विधानसभा प्रभारी, शैलेष पाठक जिला भाजपा अध्यक्ष, मानिकलाल सोनवानी, सोम वैष्णव मंडल अध्यक्ष, प्रदीप पान्डे प्रमुखरूप से उपस्थित रहे। आज बैठक बूथ सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। उक्त बैठक में बूथ क्रमांक 46 दाबो से जागेश्वर दुबे, बूथ अध्यक्ष, कालिका साहू बूथ सचिव, दुर्गेश साहू बी एल ओ टू, मानिकलाल सोनवानी मन की बात प्रमुख, नोहर साहू व्हाट्सएप ग्रुफ प्रमुख, रामा साहू लाभार्थि प्रमुख, प्रेमलता गुप्ता महिला प्रमुख, लालाराम साहू समाजिक श्रेणी प्रमुख, मोहन दुबे प्रभावी मतदाता प्रमुख, संतोष साहू 6 कार्यक्रम की प्रमुख, पन्ना प्रभारी बेनीराम साहू व बूथ क्र 07 पंडोतर से अध्यक्ष जगदेव प्रसाद, सचिव महेन्द्र कुमार, बी एल ए चंद्रकुमार, बी एल 2 रतनसिग, कार्यसमिति सदस्य रायसिंह बघेल, भारत बघेल, इंदरमन यादव, राजे कुर्रे, बिहारी बघेल, रामकुमार बघेल, राधेश्याम, विश्वनाथ निषाद, कमल बघेल, केशरी बघेल, कमल निषाद, नंदकुमार, दिलीप, लोमश, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### श्रीराम शोभायात्रा में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष



कसडोल, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा के कसडोल नगर पंचायत में आज दिनांक 26 मार्च 2023 को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल, हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित भव्य श्रीराम शोभायात्रा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ हुई जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने मां महामाया का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली सुख शांति समृद्धि की कामना की। शोभा यात्रा का समापन पूरा कसडोल नगर का भ्रमण करने के पश्चात गायत्री चौक में हनुमान मंदिर में हनुमान व गायत्री मंदिर में मां गायत्री की विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में नगर एवं आसपास के पुरूष व महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आज की इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला मंत्री राजकुमार साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, कसडोल मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, महामंत्री डॉ सुदीप मानिकपुरी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सरिता जायसवाल, जिला मंत्री सत्यभामा साहू, जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा, लक्ष्मी साहू, संतोष वैष्णव, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, देवचरण पटेल, शीला वर्मा, पार्षदद्वय गुनीराम साहू, रूपचंद साहू, राजू साहू, रंजीत जोगी दवानी कमल कैवर्त, संतोष कश्यप, रेशम वर्मा, गणेश साहू, भरतदास मानिकपुरी, महिला मोर्चा के महामंत्री अनुराधा कर्ष, जवा बाई, गोपी साहू, अमरीका पटेल, निर्मला साहू सहित भारी संख्या में कसडोल नगर के जन प्रतिनिधिगण, व्यापारीगण के साथ नागरिकगण व भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता हुज़ैफा ज़फर पिता अब्बास ज़फर, निवासी अहमदजी कालोनी, नलघर रायपुर छ.ग. 492001 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मैं अपनी पुत्री का नाम इंसिया पिता हुज़ैफा ज़फर से परिवर्तित कर इंसिया ज़फर पिता हुज़ैफा ज़फर रख दिया हूं।
2. यह कि आज से मेरी पुत्री को समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसके नए नाम इंसिया ज़फर पिता हुज़ैफा ज़फर नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

-:सत्यापन:-

मैं शपथकर्ता आज सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथपत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरे ज्ञान अनुसार सही व सत्य है आज मेरे द्वारा हस्ताक्षर कर सत्यापित किया गया।

दिनांक 27.03.2023

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202302200100001 /अ-20 ( 1 )/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष देवांगन समाज कोण्डागांव द्वारा श्री मनीशंकर देवांगन जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 366/31 रकबा 16.9990 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 7500 वर्गफुट भूमि को सामाजिक भवन निर्माण हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 11.04.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 27/03/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार कोण्डागांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ई-कोर्ट क्रं.-202303092300023 ब/121 वर्ष 2022-2023

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश आ. लीलारसिंह जाति कंवर निवासी ग्राम देवकट्टा व कृषक ग्राम शिवपुरी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नाम पर शामिलात खाते में ग्राम शिवपुरी प.ह.नं. 02 तहसील डोंगरगढ़ में कृषि भूमि ख.न. 583 रकबा 0.809 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उपरोक्त भूमि की मूल किसान पुस्तिका भाग एक एवं दो गुम हो चुकी है, जिसके कारण आवेदक को कृषि कार्य में परेशानी हो रही है। अत: आवेदक द्वारा डुप्लीकेट किसान पुस्तिका भाग एक एवं दो प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/04/2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

मुहर | जिला-राजनांदगांव ( छ.ग. )

**कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

:::निविदा सूचना:::

(नियम 4.4.2)

**द्वितीय वार्षिक/अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2023-24**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1032/निर्वाह/जिला जेल कांकेर/2023/ दिनांक 25.03.2023

जिला जेल कांकेर में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्यान्न, सब्जी एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदाकारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग के वेबसाईट www.jail.cg.gov.in से डाऊनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा (निविदा फीस, निविदा प्रस्तुत करते समय, आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये - 5,000/- (रू. पाँच हजार मात्र) नगद भुगतान करना होगा या अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित रू.5,000/- नगद भुगतान कर दिनांक 24.04.2023 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। समय प्रातः 10.00 से दोपहर 01.00 बजे तक ।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | :- 24.04.2023 समय अपरान्ह 1.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | :- 25.04.2023 प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- 25.04.2023 अपरान्ह 4.00 बजे |
| स्थान | :- जिला जेल कांकेर (छ.ग.) |

जेल अधीक्षक
जिला जेल कांकेर

जी-99651/5

■ छ.ग. सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में मास्टर ट्रेनरों की कलेक्टर ने ली बैठक

# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए एसडीएम सीएमओ एवं सीईओ पूरी रखें तैयारी: कलेक्टर

■ सुपरवाइजर व सर्वे करने वाले प्रगणकों की होगी जल्द ही ट्रेनिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




बलौदाबाजार, 28 मार्च। शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे की तैयारी के संबंध में कलेक्टर रजत बंसल ने सभी एसडीएम, सीएमओ, सीईओ व जिले के सभी मास्टर ट्रेनरों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर बंसल ने सभी अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण अति महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी व्यापक तैयारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी हरिशंकर चौहान व जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमित मेरावी उपस्थित रहे। कलेक्टर बंसल ने छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करनी है। सर्वे के लिए प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर से लेकर सर्वे करने वाली टीमों का गठन कर लिया जाए। चूंकि सर्वे का डेटा ऑनलाईन फीड किया जाना है। इसलिए आवश्यक है कि इसके सभी तकनीकी पहलुओं को लेकर जरूरी ट्रैनिंग भी पूरी कर ली जाए।

**मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण:** सर्वेक्षण कार्य संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया उक्त ट्रैनिंग में जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी सुमित मेरावी ने कहा कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फेटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला कर्मी मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। एप में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकरदाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होगी। जिला पंचायत अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रगणकों की भर्ती, ट्रेनिंग का स्थान, संख्या ड्यूटी आर्डर आदि कार्य करना है। अच्छे प्रशिक्षित ट्रेनर के द्वारा इस एप्प को शेयर करके व ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर व संगणको को विशेष प्रशिक्षण दिया जा जाना है। चूंकि 01अप्रैल 2023 से सभी जिले और ब्लाक में कार्य शुरू किया जाना है। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तर पर नोडल नियुक्त किए गए है। सर्वेक्षण कार्य संपन्न होने पर ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाकर सर्वेक्षण की जानकारी प्रदान कर सभी से प्राप्त किया जाए। इस अवसर पर बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव भाटापारा एसडीएम नरेंद्र बंजारा, सिमगा, आशीष कर्मा, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, गिरौदपुरी रामरतन दुबे सहित सभी सीएमओ, सीईओ एवं संबधित विभागीय अधिकारी के साथ जिले के सभी विकासखंडों से आये मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

एक नजर

## धान खरीदी 20 क्विंटल किये जाने का स्वागत

**रायपुर 28 मार्च।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने भूपेश बघेल द्वारा धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किये जाने का स्वागत किया है। आहूजा ने कहा कि किसानों को 15 क्विंटल धान के बाद बाकी धान 1300-1400 रूपये क्विंटल में व्यापारियों को बेचना पड़ता था इससे उन्हे बहुत नुकसान होता था, अब वह नुकसान नहीं होगा। दूसरी बात भाजपा द्वारा पूर्व में20 क्विंटल धान पैदान नहीं होता। अब भाजपा को ही यह फैसला करना है कि वे पहले गलत थे या अब गलत है।



## नकली इंजन आयल बेचने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 28 मार्च ।** राजधानी रायपुर में नकली इंजन आयल का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर आउटर इलाके में नामी कंपनी का लेबल, स्टीकर लगाकर दुकानदार नकली आयल बेच रहे हैं। मौदहापारा पुलिस ने एक ऐसे ही दुकानदार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, हीरो मोटोकार्प के अधिकृत डिस्टीब्युटर संजय जादवानी ने मौदहापारा पुलिस थाने में शिकायत की थी, कि देवपुरी स्थित शिव शक्ति लुब्रीकेंट के संचालक रोहित पिंजानी हीरो मोटोकार्प कंपनी के नकली इंजन आयल बेच रहा है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने कंपनी के लोगों के साथ दुकान में दबिश देकर वहां से 14 पेटी कुल 280 बोतल हीरो मोटोकार्प का नकली इंजन आयल बरामद किया था। जब्त आयल की कीमत 53 हजार दो सौ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने मामले में कटोरा तालाब निवासी आरोपित दुकानदार रोहित पिंजानी (35) के खिलाफ63,65 कापी राइट एक्ट का अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 2 अप्रैल को



**रायपुर 28 मार्च।** शहर में पहली बार उत्कल दिवस के अवसर पर दिनांक 02 अप्रैल 2023 रविवार को श्री जगन्नाथ सेवा समिति एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर गायत्री नगर, शंकर नगर, रायपुर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सुप्रमा हरिचंदन द्वारा किया जायेगा। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडीशा के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रसूति संबंधी विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ डायबिटिज विशेषज्ञ सारा रोग के विशेषज्ञ किडनी रोग विशेषज्ञ दांत रोग के विशेषज्ञ इत्यादि उपलब्ध होंगे। शिविर में विशेष रूप से खून संबंधी जाय तथा बी. पी. शुगर संबंधी जाय एवं परामर्श की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसमें स्वास्थ्य तथा रोग संबंधी जिज्ञासा का समाधान भी किया जायेगा। कोचिड के बाद के युग में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का महत्व बढ़ गया है। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा तथा उत्कल सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. के. के मोई ने इस शिविर से अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाने के लिए नागरिकों से अनुरोध किया है।

## शराबबंदी के सामाजिक और आर्थिक स्थितियों की करेंगे जांच

**रायपुर, 28 मार्च ।** छत्तीसगढ़ में शराबबंदी को लेकर विपक्ष सरकार पर आए दिन निशाना साधते रहता है. वहीं सरकार भी शराबंदी को लेकर समिति का गठन किया है. वहीं अब गठित समिति बिहार और गुजरात के दौरे के बाद अब मिजोरम दौरे पर जाने की तैयारी में है। गौरतलब हो कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में शराबबंदी का वादा किया था. जिसके लिए सरकार ने समिति भी गठित की है। समिति शराबबंदी करने से पहले 2 राज्य बिहार और गुजरात का दौरा कर चुकी है. अब वरिष्ठ विधायक और समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में समिति 10 अप्रैल से चार दिवसीय मिजोरम दौरे पर रहेगी. विधानसभा 2023 चुनाव के पहले समिति का ये आखरी दौरा है. इस दौरे में शराबबंदी के सामाजिक और आर्थिक स्थितियों की पड़ताल की जाएगी।

## मुख्य सचिव ने ली उच्च स्तरीय बैठक

**रायपुर, 28 मार्च।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सोमवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में अधिकारियों की बैठक हुई। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के शपथ ग्रहण समारोह की आवश्यक तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित होगा।

# निगम प्रशासन के बदला बैंक ऑनलाइन टैक्स पटाने में परेशानी

## सर्वर डाउन होने से करदाता परेशान

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 28 मार्च।** नगर निगम में करदाताओं को इस समय ऑनलाईन पेमेंट करने में काफी परेशानी हो रही है। नगर निगम ने प्रापर्टी टैक्स पटाने के लिए पूर्व में जिन बैंकों को निर्धारित किया था उन्हें बदलकर नया बैंक तय किया गया है। इधर सर्वर डाउन होने से करदाता भुगतान न कर पाने को लेकर परेशान हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की आर्थिक स्थिति का एक बड़ा स्रोत संपत्तिकर है जिसमें जलमल कर सहित अन्य कर शामिल किए जाते हैं। वर्तमान में 225 करोड़ रुपए वसूली का टारगेट रखा गया है। शासन के नियमानुसार नगरीय निकायों को शासन के पास मैचिंग ग्रांट जमा करना होता है। यदि यह ग्रांट जमा नहीं होता है तो शासन द्वारा राशि जारी नहीं की जाती है। पिछले कई दिनों से प्रापर्टी टैक्स की उचित वसूली नहीं होने के कारण नगर निगम रायपुर में वेतन के लाले पड़े हुए हैं। 31 मार्च तक प्रापर्टी टैक्स पटाना है। राजस्व निरीक्षकों के अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा ऑनलाईन टैक्स जमा करने के लिए पहले एक्सिस बैंक का निर्धारिण किया गया था इसके पश्चात अचानक ही अब कोटक महिंद्रा बैंक को अधिकृत किया गया जिसके कारण ऑनलाईन टैक्स पटाने वाले करदाताओं को काफी परेशानी हो रही है। राजस्व निरीक्षक करदाताओं को सलाह दे रहे हैं कि वे पुरानी रसीद और यूजर चार्ज की रसीद लेकर आएं। निरीक्षकों ने सलाह दी है कि वे कार्यालय में आकर टैक्स पटाएं। इस समय स्थायी रसीद नहीं दी जा रही है। कम्प्यूटर से बनी हुई अस्थायी रसीद दी जा रही है।

सर्वर डाउन होने से इस समय ऑनलाईन भुगतान नहीं हो पा रहा है। नगर निगम के सभी जोन में भारी भीड़ लगी हुई है। सबसे ज्यादा आय जोन क्रमांक 4 को हो रही है। यहां पर 12 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। इस जोन में सदरबाजार, सत्ती बाजार, गोलबाजार एवं शास्त्री बाजार आता है। इसके पश्चात जोन क्रमांक 7 में भी राजस्व की प्राप्ति हो रही है। नगर निगम आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को प्रापर्टी टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए हैं। इस समय राजस्व निरीक्षक करदाताओं के नाम के अलावा क्यूआर कोड भी दे रहे हैं ताकि भुगतान के लिए कोई तकलीफ न हो।

# मोदी सरकार की छत्तीसगढ़ विरोधी कोयला नीति के कारण राज्य के उद्योग संकट में: कांग्रेस

**रायपुर 28 मार्च।** मोदी सरकार की कोयला नीति के कारण छत्तीसगढ़ के उद्योगों का नुकसान हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय उद्योगों को प्राथमिकता से कोयला उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी और कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी को अनेकों बार पत्र लिखा लेकिन मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री के पत्र लिखने के 8 माह बाद भी राज्य के उद्योगों को कोयला उपलब्ध करवाने के लिये कोई निर्णय नहीं लिया। यह भाजपा की मोदी सरकार का छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिवर्ष 15 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन होता है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। राज्य में उत्पादित कोयले का अधिकांश भाग अन्य राज्यों में भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में से है। राज्य में अनेक बड़ी स्टील उत्पादक इकाईयों के अलावा सैकड़ों छोटी इकाईयां भी हैं जो लाखों लोगों की जीविका का आधार है। कोयले की कमी से राज्य के उद्योगों में बंदी का संकट मंडरा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एस.ई.सी.एल. द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। देश के अग्रणी कोयला उत्पादक राज्य को उसके लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यजनक निर्णय है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोयले को दूसरे राज्यों में भेजने के लिये राज्य की यात्री ट्रेनों को बंद कर दिया था, उनके फेरों में कटौती कर दिया। छत्तीसगढ़ का कोयला दूसरे राज्यों को दिया जा रहा लेकिन राज्य में दीया तले अंधेरा है, हमारे उद्योग अपने ही राज्य में उत्पादित कोयले के लिये तरस रहे है। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और सांसद भी मोदी सरकार की चाटुकारिता में राज्य के हित में कुछ बोलेन का साहस नहीं दिखा पा रहे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के उद्योगों के हित में तत्काल राज्य के उद्योगों के कोयले की आपूर्ति के कोटे को बढ़ायें ताकि राज्य के नागरिकों की उद्योगों के माध्यम से मिलने वाली आजीविका प्रभावित नहीं हो।

# शाला प्रवेश उत्सव की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें: अमिताभ जैन

**रायपुर, 28 मार्च।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र में शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश और साइकिल वितरण के लिए भी सभी जरूरी तैयारी कर ली जाए। मुख्य सचिव सोमवार यहां मंत्रालय महानदी भवन में समग्र शिक्षा की कार्यकारिणी समिति की बैठक में समग्र शिक्षा कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला भी मौजूद थे। मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2023-24 के प्रोजेक्ट एप्रुवल बोर्ड के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2022-23 में समग्र शिक्षा हेतु बजट पर घटकवार विस्तार से चर्चा की गई तथा इसका अनुमोदन किया गया। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समग्र शिक्षा के अंकेक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के सचिव डीडी सिंह, श्रम विभाग के सचिव अमृत खलखो, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद और शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# नगरीय निकाय बने राजनीति का अखाड़ा

- नगरीय निकायों में चर्चित सीएमओ को हटाने की पहल
- निगम आयुक्तों पर भी गिरेगी गाज

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 28 मार्च। नगरीय निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच अनबन के चलते अधिकारियों पर कार्रवाई गाज गिरने की आशंका है।

नगरीय निकाय प्रशासन ने नगर निगम के चर्चित आयुक्तों और नगर पंचायत व नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को हटाने का निर्णय लिया है। इसके लिए अब जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी की जा रही है। वर्तमान में खरसिया की एक चर्चित महिला अधिकारी के कामकाज को लेकर शासन काफी खफा है। इनके पति कांग्रेस नेता हैं जबकि बेटी भाजपा में है। उन्हें कई बार निलंबित किया जा चुका है। इनकी कार्यप्रणाली को लेकर सभी विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने शिकायत की है। वहीं घरघोड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी हटाए जा सकते हैं। दुर्ग नगर निगम के आयुक्त को भी हटाए जाने की चर्चा है। अधिकारियों के अनुसार इस समय नगरीय निकाय राजनीति के अखाड़े बने हुए हैं। सबसे मुख्य समस्या भुगतान को लेकर है।

राज्य शासन के निर्देशासनुसार अब प्रत्येक कार्य का भुगतान करने के लिए नगर निगम के महापौर एवं नगर पालिका पंचायतों के अध्यक्षों का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। इसको लेकर आए दिन विवाद होते रहता है। वर्तमान में महासमुंद के अलावा गरियाबंद तथा पाटन में भी यही हाल है। नगरी निकाय इस समय जनप्रतिनिधियों के अखाड़े बन गए हैं। नगरीय निकाय मंत्री विधायकों की शिकायत पर कार्रवाई करते हैं तो सत्तारूढ़ दल के सदस्य यहां आकर दबाव बनाते हैं। इसकेक चलते यहां पर कोई कामकाज नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आए दिन जनप्रतिनिधियों की सेवा करना ही हमारा काम है। महासमुंद में आए दिन विवाद हो रहा है जिसके कारण कर्मचारियों को भी भुगतान नहीं हो पा रहा है।

# सत्ता के नशे का मोदी सरकार को ओवरडोज, विद्यार्थी व बेरोजगार युवा जल्द देंगे जवाब: संकल्प मिश्रा

**रायपुर 28 मार्च।** एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद से सदस्यता खत्म करने के विरोध में प्रदेश के हर एक छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं में भारी रोष है. राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करना अराजकता की पराकाष्ठा है। केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है, सदस्यता खत्म करने की साज़िश इसका प्रमाण है। लेकिन सत्य को दबाया नहीं जा सकता है। तानाशाही क्या होती है, यह सिर्फ़ सुना था लेकिन अब राहुल जी के मामले में इसे देख भी लिया है। सदस्यता खत्म करना तानाशाही की शुरुआत है। छात्रों, युवाओं की नौकरी का हक़ मार कर अडानी की कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपये शैल कंपनियों के आए हैं, तो इस पर क्या सवाल नहीं पूछेंगे ? दुर्भाग्य है कि सवाल पूछने पर सदन से बाहर हो जाते है। न खाऊंगा, न खाने दूंगा यह तो जुमला है लेकिन किसने खाया और क्यों खाया? यह नहीं बताया।



सन 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी जी ने कहा था- आप मेरी सरकार बना दो, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख डालूंगा। 2 करोड़ नौजवानों को हर साल नौकरी दूंगा। विदेश में मौजूद काला धन वापस लाऊंगा। ऐसे ही सब्जबाग दिखाकर वोट ठगे हैं। भाजपा द्वारा षडयंत्रपूर्वक राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द किया गया है जोकि भाजपा की तानाशाही नीतियों को दर्शाता है। यह कृत्य साफ दर्शाता हैं कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र प्रणाली को आघात करने का प्रयास किया जा रहा हैं। भाजपा द्वारा अगर देश में इसी तरह तानाशाही रवैया अपनाया गया तो विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रणाली भविष्य में तानाशाही के नाम से जानी जाएगी।

# विभागों को शीर्ष मद के अनुसार बजट का आबंटन

**चालू माह का वेतन मिलेगा विलंब से**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 मार्च।** वित्त विभाग ने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को शीर्ष मद के अनुसार बजट की राशि देना शुरू कर दिया है। वर्ष 2023-24 का बजट विधानसभा में पारित होने के बाद इसे औपचारिक रूप से 31 मार्च के बाद आबंटित कर दिया जाएगा। वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 का बजट विधानसभा में पारित हो गया है। विनियोग विधेयक पारित होने के बाद अब इस राशि का आबंटन सभी विभागों को कर दिया जाएगा। 31 मार्च के बाद यह राशि विभागीय प्रमुखों के पास आएगी। इसके पश्चात इसे संचालनालय में भेजा जाएगा। संचालनालय से जिलेवार राशि का आबंटन होगा। अधिकारियों के अनुसार 1.10 लाख करोड़ का बजट पारित कर दिया गया है। इस समय अधोसरंचना के विकास पर सबसे ज्यादा राशि खर्च की गई है। चुनावी वर्ष होने के कारण किसानों को तथा सामाजिक सरोकार के लिए अधिक राशि दी गई है।

वित्त विभाग के अनुसार इस समय शासकीय कर्मचारी व अधिकारियों को चालू माह का वेतन भी विलंब से मिलेगा। वित्त विभाग के अधीन कार्य करने वाले जिला कोषालयों को यह राशि सिलसिलेवार दी जाएगी। राज्य शासन का स्थापना व्यय 40 प्रतिशत पहुंच चुका है जिसके कारण यहां पर अनेक विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र से जो राशि मिल रही है उसी से ही काम चल रहा है। राज्यांश जमा नहीं करने के कारण पंचायत विभाग के अधीन प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आदिम जाति विभाग के अधीन आने वाले मदरसा बोर्ड को भी राशि नहीं मिल रही है। अधिकारियों ने बताया कि नए बजट में इसका प्राावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुसार राजीव गांधी किसान योजना, गोधन न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि रखी गई है।

## छत्तीसगढ़ की श्रीति हलधर बनी मिसेज दिवा इंडिया

**रायपुर, 28 मार्च।** महिला दिवस पर नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की महिला शक्ति को सम्मानित किया गया। इसमें सामाजिक कार्यो के लिए वनिता सोनकर को सम्मान मिला। अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन सोहेल शेख द्वारा किया गया था जिसमें अतिथि टीवी अभिनेत्री स्नेहल राय व दर्शन सिंह थे जिनके हाथो विजेताओ को अवार्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रायपुर छत्तीसगढ़ की समाजिक कार्यकर्ता पायल नागरानी को लिडिंग वुमन अवार्ड से सम्मानित किया गया। मिसेज दिवा इंडिया का खिताब श्रीति हलधर को मिला। पायल नागरानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं का दूसरे राज्यो में अवार्ड व सम्मान प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। पायल नागरानी बताती है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और शामिल होने से आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अब महिलाएं हर क्षेत्र में स्वयं को साबित कर चुकी है। महिलाओ को अपने रुचि अनुसार क्षेत्रो में आगे आना चाहिए।



## महंगाई से आमजनता को राहत नहीं

**रायपुर 28 मार्च।** समाप्त हो रहे वित्तीय वर्ष में महंगाई बेतहाशा बढ़ी है , केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में आमजनता को किसी प्रकार की राहत नही दी गई है और पेट्रोल डीज़ल के दामों को स्थिर रखकर तेल कंपनियों को लूट की खुली छूट दी गई है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों का विश्लेषण करें तो जून 22 से मार्च 23 आते तक कच्चे तेल की कीमतों में 58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है । जून 22 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत 120 डॉलर करीब थी वही आज घटकर 69 . 5 डॉलर प्रति बैरल रह गई है । जब पेट्रोल डीज़ल के दाम प्रतिदिन बढ़ते थे तो सरकार ने नियम तय किये थे कि दामों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने के आधार पर तेल कंपनियां दाम तय करती है लेकिन पिछले 10 माह में कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में बेहद कमी आई है तो तेल के दाम कम क्यों नही किये गए।

# घोषणा की आड़ में 'सियासी पैंतरा'

## धान खरीदी को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का हमला

**रायपुर 28 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी को लेकर सरकार पर निशाना साधा है. अरुण साव ने आड़े हाथ लेते हुए कहा, सरकार की ताजा घोषणा किसानों के साथ एक और छलावा है. उन्होंने यह भी कहा कि, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने पूरे छत्तीसगढ़ में घूम-घूमकर यह कहा था कि, वह धान खरीदी की लिमिट को खत्म कर देंगे और अगर कांग्रेस मानती है कि, प्रति एकड़ धान की उत्पादकता 20 क्विंटल है तो यह बताएं की किसानों को 40,625 करोड़ का बकाया भुगतान कब करेगी? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा, राज्य में पंजीकृत किसानों की संख्या के आधार पर औसत लगभग 65 लाख एकड़ से प्रति वर्ष धान की खरीद हो रही है. 5 वर्ष में कुल लगभग 3 करोड़ 25 लाख एकड़ से घान खरीदी हुई. कांग्रेस सरकार यदि 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल खरीदी करती तो 5 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से 16 करोड़ 25 लाख क्विंटल सरकार को और किसानों से खरीदना होता और 2500 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से यह राशि 40 हजार 625 करोड़ होती है. जो कांग्रेस सरकार को किसानों को देना चाहिए, अगर वह उत्पादकता को 20 क्विंटल प्रति एकड़ मानते हैं. अरुण साव ने यह भी कहा कि, पूरी कांग्रेस पार्टी ओबीसी वर्ग का अपमान करने वाले राहुल गांधी के सम्मान में देश भर में प्रदर्शन कर रही है, लेकिन उन्हीं के द्वारा की गई घोषणा को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पूरा नहीं किया. अगर उनके सम्मान की चिंता है तो तुरंत किसानों को बकाया राशि देना चाहिए. अरुण साव ने कहा, सरकार किसानों के इतना ही हमदर्द बन रही है तो 5 साल में उन्होंने धान खरीदी की लिमिट 20 क्विंटल क्यों नहीं की? यह ठीक वैसा ही है जैसा कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' का नारा देकर दशकों तक सत्ता का सुख भोगा और गरीबों की चिंता नहीं की.



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने चुनौती दी कि सरकार बेरोजगारी भत्ते की तरह अब राहुल गांधी के भाषण से मुकरने का प्रयास न करे. वे जब चाहें, जहां चाहें, हम राहुल गांधी के भाषण की क्लिप ले जाकर सुना देंगे. इतना ही नहीं साव ने यह भी कहा कि, पिछले विधानसभा चुनावों के समय किए गए वादों से मुकरने की जैसी होड़ प्रदेश कांग्रेस में चल रही है, उससे इस सरकार की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है. कांग्रेस सरकार लगातार किसानों को ठगते आई है. यह घोषणा इसकी एक और मिसाल है. कांग्रेस या तो बकाया राशि दे या कहे राहुल गांधी झूठे नेता हैं या अगर उत्पादकता इतनी नहीं होती तो स्वीकार करें की उन्होंने झूठी घोषणा की है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23